PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01

प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■अलीगढ़, मंगलवार 04 अगस्त 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

कपड़ा कारोबारी हत्याकांड: आरोपी साबिर को भेजा जेल उसके चेहरे पर नहीं था कोई पछतावा, रॉड भी बरामद

मृतक अब्दुल्ला ने आरोपी साबिर को 4.50 लाख रुपये उधार दिए थे। उधर दिए रुपये अब्दुल्लाह लगातार वापस मांग रहा था, तो आरोपी ने कर्ज चुकाने के बजाय उसे रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। अलीगढ़ सपा महानगर अध्यक्ष अब्दुलाह हमीद घोसी के भांजी दामाद और रेडीमेड कपड़ा कारोबारी अब्दुल्ला की हत्या में मुख्य आरोपी साबिर को पुलिस ने भेज दिया है। निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड बरामद की गई है। जेल जाते वक्त आरोपी साबिर के चेहरे कोई पछतावा नहीं था। पूछताछ में सामने आया है कि मृतक अब्दुल्ला ने आरोपी साबिर को 4.50 लाख रुपये उधार दिए थे। उधर दिए रुपये अब्दुल्लाह लगातार वापस मांग रहा था, तो आरोपी ने कर्ज चुकाने के बजाय उसे रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। आरोपी ने कबूल किया है कि इस हत्याकांड को उसने अकेले ही अंजाम दिया था। हत्या के बाद उसने शव को मकान की पहली मंजिल से घसीटकर ग्राउंड फ्लोर के बाथरूम में छिपा दिया था। इसके बाद रात में पुरदिलनगर निवासी अपने साले शाहरुख को फोन किया और कार लेकर बुला लिया। हालांकि, रात में अलीगढ़ जाने की बात सुनकर एहतियातन एक अन्य युवक अल्फैज भी शाहरुख के साथ बैठ गया। जब दोनों साबिर के घर पहुंचे, तो अल्फैज को देखकर साबिर घबरा गया। स्थिति संभालने के लिए उसने होटल से खाना मंगवाया। खाना खाने के बाद, अल्फैज की गैर-मौजूदगी में साबिर ने शाहरुख को बताया कि उसने अब्दुल्ला की हत्या कर दी है। यह सुनकर शाहरुख के पैरों तले जमीन खिसक गई और वह डर गया कि वह भी इस मुसीबत में फंस सकता है, लेकिन साबिर के समझाने पर वह शव ठिकाने लगाने के लिए तैयार हो गया था। आरोपी साबिर को जेल भेज दिया गया है। लाश को ठिकाने लगाने में शामिल रहे शाहरुख और अल्फैज की भी पुलिस तलाश कर रही है। साबिर के भाई ताहिर को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
- मनीष कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण।

सिगरेट पीने के बहाने अल्फैज को दिया चकमा

साबिर और शाहरुख ने योजना के तहत अल्फैज को हत्या की बात से पूरी तरह अनजान रखा। उन्हें लगा कि बात जितने कम लोगों तक रहेगी, उतने ही वह सुरक्षित रहेंगे। इसके बाद वे अल्फैज को घर पर छोड़कर यह कहकर निकले कि वे दोनों सिगरेट पीने जा रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने चुपचाप कार की डिग्गी में अब्दुल्ला के शव को चादर से ढंककर रखा और हरदुआगंज क्षेत्र के हकीमगढ़ी माइनर की पटरी पर झाड़ियों में फेंककर वापस अलीगढ़ भाग आए।

भाई की संलिप्तता पर परिवार ने दी सफाई

पुलिस ने आरोपी साबिर के भाई ताहिर को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। जानकारी होने पर उसकी बहन फरहा, चाची और अन्य रिश्तेदार सोमवार दोपहर थाने पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि ताहिर पूरी तरह बेकसूर है और घटना की रात वह अपने घर पर ही था। ताहिर पिता के साथ कॉस्मेटिक की दुकान चलाता है और उसका घर व दुकान साबिर से अलग है। बहन फरहा ने बताया कि साबिर ने परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर शादी की थी, जिसके चलते माता-पिता और भाई-बहनों ने पहले ही उससे सारे रिश्ते तोड़ लिए थे और वे उससे 200 मीटर दूर दूसरी गली में रहते हैं।

Aligarh News: श्रद्धालुओं के लिए चली अलीगढ़-राजघाट नरौरा स्पेशल ट्रेन

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल ने अलीगढ़-राजघाट नरौरा के बीच विशेष ट्रेन का संचालन किया। इस स्पेशल ट्रेन से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने राजघाट नरौरा पहुंचकर गंगा स्नान किया। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि 04188 राजघाट नरौरा-अलीगढ़ स्पेशल से करीब 400 श्रद्धालु अलीगढ़ स्टेशन पहुंचे। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए रेलवे की ओर से स्टेशन पर विशेष व्यवस्थाएं की गईं। भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए गए। इसके बाद 04187 अलीगढ़-राजघाट नरौरा स्पेशल ट्रेन श्रद्धालुओं को लेकर रवाना हुई।

Aligarh News: अगस्त के अंत में अलीगढ़ आ सकते हैं पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगस्त के अंत में अलीगढ़ दौरे की संभावना जताई जा रही है। संभावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन और शासन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। प्रधानमंत्री इस दौरान अलीगढ़ में करीब 1500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर सकते हैं। प्रस्तावित दौरे को देखते हुए प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था, मौसम की स्थिति और अन्य व्यवस्थाओं का आकलन कर रहा है। अधिकारियों का प्रयास है कि सभी प्रमुख परियोजनाओं को समय से पूरा कर लिया जाए, ताकि प्रधानमंत्री के हाथों उनका लोकार्पण कराया जा सके। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लोधा स्थित राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय सबसे प्रमुख परियोजनाओं में शामिल है। इसके अलावा नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मल्टीलेवल पार्किंग, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर और शहर के बुनियादी ढांचे से जुड़े अन्य प्रोजेक्ट भी शामिल हो सकते हैं।

गौरतलब है कि 14 सितंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही लोधा और मुसेपुर करीम जरौली में 92 एकड़ से अधिक भूमि पर राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया था। वर्तमान में यह विश्वविद्यालय अलीगढ़ मंडल के करीब 395 महाविद्यालयों से संबद्ध है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब इसके औपचारिक लोकार्पण का इंतजार है। इससे पहले जून 2026 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलीगढ़ दौरे के दौरान करीब 462 करोड़ रुपये की लागत वाली 85 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया था। अब प्रधानमंत्री के संभावित आगमन को लेकर शहर की प्रमुख परियोजनाओं को अंतिम रूप देने की कवायद शुरू हो गई है।

अगस्त महीने में प्रधानमंत्री का अलीगढ़ दौरा संभावित है। इसके लिए प्रशासन तैयारियों में जुटा है। मौसम समेत अन्य परिस्थितियों का आकलन किया जा रहा है। इसी के अनुसार कार्यक्रम आयोजित होगा।
- किंशुक श्रीवास्तव, एडीएम सिटी

Aligarh News: अलीगढ़ की अर्थव्यवस्था ने पकड़ी रफ्तार, जीडीपी 54,868 करोड़ रुपये के पार

अलीगढ़ की अर्थव्यवस्था अब केवल आंकड़ों में ही नहीं बल्कि आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में भी मजबूती का संकेत दे रही है। जिले की सकल जिला घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्ष 2024-25 में बढ़कर 54,868 करोड़ रुपये पहुंच गई है। पिछले वर्ष के मुकाबले इसमें 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसका असर शहर के बाजारों, कारोबार, परिवहन, निर्माण कार्यों और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी के रूप में दिखाई दे रहा है। वहीं प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 1,08,218 रुपये पहुंचने से लोगों की क्रय क्षमता में भी सुधार का संकेत मिला है। प्रदेश की कुल जीडीपी में अलीगढ़ की हिस्सेदारी 1.81 प्रतिशत रही है। जिले का सकल मूल्य वर्धन 50,619 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है। अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ी हिस्सेदारी सेवा क्षेत्र की रही, जिसने 41.63 प्रतिशत योगदान दिया। व्यापार, होटल, परिवहन, बैंकिंग, रियल एस्टेट और अन्य सेवाओं के विस्तार से यह क्षेत्र जिले की आर्थिक रीढ़ बनकर उभरा है। उद्योग और निर्माण क्षेत्र ने भी अर्थव्यवस्था को नई गति दी है। द्वितीयक क्षेत्र का योगदान 28.99 प्रतिशत रहा, जबकि कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और वानिकी जैसे प्राथमिक क्षेत्र की हिस्सेदारी 29.38 प्रतिशत रही। इसका मतलब है कि शहर से लेकर गांव तक आर्थिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं और विकास का लाभ अलग-अलग क्षेत्रों तक पहुंच रहा है।तीन क्षेत्रों की वर्जन जिले की अर्थव्यवस्था में सेवा, उद्योग और कृषि तीनों क्षेत्रों का संतुलित विकास देखने को मिल रहा है। प्रति व्यक्ति आय और जीडीपी में लगातार वृद्धि आर्थिक गतिविधियों के विस्तार का संकेत है।

जीडीपी में हिस्सेदारी
-सेवा क्षेत्र : 41.63 %
-कृषि क्षेत्र : 29.38 %
-उद्योग क्षेत्र : 28.99 %
कुल योग : 100

चार साल में ऐसे बढ़ी जीडीपी
2021-22 : 36,954 करोड़
2022-23 : 40,579 करोड़
2023-24 : 48,570 करोड़
2024-25 : 54,868 करोड़

क्या कहते हैं आंकड़े

पिछले चार वर्षों के आंकड़े भी जिले की आर्थिक प्रगति की तस्वीर साफ करते हैं। वर्ष 2021-22 में जीडीपी 36,954 करोड़ रुपये थी, जो 2022-23 में 40,579 करोड़, 2023-24 में 48,570 करोड़ और अब 2024-25 में 54,868 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि आधारभूत ढांचे के विकास, नए निवेश और सेवा क्षेत्र के विस्तार से आने वाले वर्षों में यह रफ्तार और तेज हो सकती है।

केस- एक
बढ़ा कारोबार, मिली नई उम्मीद

सेंटर प्वाइंट पर इलेक्ट्रॉनिक्स का कारोबार करने वाले अनिल गुप्ता बताते हैं कि पिछले दो-तीन वर्षों में ग्राहकों की संख्या बढ़ी है। त्योहारों के साथ-साथ सामान्य दिनों में भी लोग मोबाइल, एलईडी और घरेलू उपकरण खरीदने आ रहे हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से बिक्री बढ़ने से कारोबार को गति मिली है। उनका कहना है कि लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ने का असर बाजार में साफ दिखाई दे रहा है।

केस- दो
निर्माण कार्यों से बढ़ा रोजगार

महुआ खेड़ा क्षेत्र के अमित कुमार निर्माण कार्य में राजमिस्त्री हैं। वह बताते हैं कि शहर में लगातार नए मकान, कॉम्प्लेक्स और व्यावसायिक भवन बन रहे हैं। पहले महीने में कई दिन काम नहीं मिलता था, लेकिन अब लगभग पूरे महीने रोजगार मिल जाता है। इससे उनकी आमदनी बढ़ी है और परिवार का खर्च पहले की तुलना में बेहतर तरीके से चल पा रहा है।

अलीगढ़: किन्नर गुरु नीलम के घर में लाखों की चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी के गहने बेच खरीदी थी कार

अलीगढ़। खैर कस्बे के मोहल्ला सिकरवार स्थित किन्नर गुरु नीलम के बंद मकान में हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। खैर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से करीब 23 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण, 1.56 लाख रुपये नकद और चोरी के पैसों से खरीदी गई टाटा नेक्सन कार बरामद की गई है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों ने चोरी के कुछ गहने बेचकर कार खरीदी थी और उस पर बचा हुआ लोन भी चुका दिया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रभु उर्फ टंगा, कैफ उर्फ मोहम्मद कैफ और गणेश निवासी रुनकता, थाना सिकंदरा, आगरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 17 जुलाई की रात तीनों आरोपियों ने किन्नर गुरु नीलम के बंद मकान का कुंडा काटकर लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी कर ली थी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर 21 जुलाई को खैर कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर खैर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम को खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी गई। एसपी मनीष मिश्रा ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने अलीगढ़, आगरा, मथुरा और राजस्थान तक लगे 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। कई दिनों तक संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखने और तकनीकी साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल हुई। पुलिस टीम ने शनिवार दोपहर करीब 2:45 बजे सोमना रोड स्थित संजय कोल्ड स्टोरेज के पास घेराबंदी कर कार सवार तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से करीब 80 ग्राम सोने के आभूषण, दो किलोग्राम चांदी के जेवर, 1.56 लाख रुपये नकद और चोरी की रकम से खरीदी गई टाटा नेक्सन कार बरामद की गई।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि चोरी के बाद उन्होंने नकदी और आभूषण आपस में बांट लिए थे। चोरी की गई रकम में से करीब 3.70 लाख रुपये नकद थे, जिनमें से अधिकांश रकम घूमने-फिरने, मौज-मस्ती और अन्य खर्चों में खर्च कर दी गई। वहीं, चोरी किए गए कंगन और हार को बेचकर आरोपियों ने एक पुरानी टाटा नेक्सन कार खरीदी थी। इतना ही नहीं, कार पर बचा हुआ लोन भी चोरी के पैसों से चुका दिया गया था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, मुख्य आरोपी प्रभु उर्फ टंगा के खिलाफ पहले से 16 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, कैफ के खिलाफ तीन और गणेश के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपियों का संबंध किसी बड़े चोरी गिरोह से तो नहीं है और क्या उन्होंने अन्य जिलों में भी ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया है। एसपी मनीष मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है और आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि चोरी किए गए अन्य सामान को कहां बेचा गया और इस वारदात में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं थी। इधर, मामले के खुलासे के बाद किन्नर समाज ने पुलिस कार्रवाई पर खुशी जताई है, लेकिन बरामद किए गए सामान को लेकर कुछ लोगों ने संदेह भी व्यक्त किया है।

Mangal Milan Meet: एनडीए संसदीय दल की बैठक मंगल मिलन शुरू, संसद सत्र के लिए बनाएंगे रणनीति

Mangal Milan Meet: एनडीए संसदीय दल की की साप्ताहिक बैठक 'मंगल मिलन' शुरू हो गई है। मानसून सत्र के बचे दिनों के लिए सदन की रणनीति तय करने के मकसद से हो रही इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत एनडीए के कई बड़े नेता और सांसद मौजूद हैं। जानें बैठक में क्या है एजेंडा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की संसदीय दल की साप्ताहिक बैठक 'मंगल मिलन' मंगलवार को शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू संसद पुस्तकालय भवन स्थित जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में आयोजित इस बैठक में मौजूद हैं। बैठक का मकसद मानसून सत्र के बचे हुए 10 दिनों के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन की सदन की रणनीति तय करना है। संसद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय की ओर से लोकसभा और राज्यसभा के सभी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सदस्यों को भेजे गए एक नोट में कहा गया है, लोकसभा और राज्यसभा के सभी माननीय एनडीए सदस्यों से अनुरोध है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होने का समय निकालें और तय समय पर कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहें। इस बैठक में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सांसद सुनील तटकरे के साथ-साथ एनडीए के अन्य सांसद भी मौजूद हैं। 21 जुलाई को पहली मंगल मिलन बैठक आयोजित की गई थी। परंपरागत रूप से संसद के प्रत्येक सत्र के दौरान एनडीए संसदीय दल की बैठक हर मंगलवार को आयोजित होती रही है। हालांकि, इस बार इसे मंगलवार नाम दिया गया है।

गठबंधन का कहना है कि इस नए नाम के जरिये नियमित संसदीय बैठकों को सांस्कृतिक और संगठनातमक पहचान देने का प्रयास किया गया है।

पिछली बैठक में नए चेहरे शामिल

28 जुलाई को भी ‘मंगल मिलन’ बैठक हुई थी। इस बैठक में पहली बार तृणमूल कांग्रेस के पूर्व बागी नेता और अब एनसीपीआई सांसद शामिल हुए थे। एनसीपीआई सांसद काकोली घोष, शताब्दी रॉय और सायोनी घोष भी इस बैठक में शामिल हुईं। ये सभी पहले तृणमूल कांग्रेस में थीं।

सांसदों की प्रतिक्रिया

एनसीपीआई सांसद काकोली घोष ने बताया था कि 2014 से पहले उन्होंने इस तरह की बैठकें नहीं देखी थीं और एनडीए में शामिल होकर उन्हें खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि एनसीपीआई के सभी सांसद मिलकर काम कर रहे हैं। एनसीपीआई सांसद शताब्दी रॉय ने बैठक की सराहना करते हुए कहा था कि यह बेहद व्यवस्थित तरीके से आयोजित की गई थी। इसमें संसद में आने वाले विधेयकों, देश के विजन और सरकार की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

एनसीपीआई सांसद सायोनी घोष ने भी बैठक को ज्ञानवर्धक बताया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री और अन्य वरिष्ठ मंत्री बैठक में मौजूद थे। बैठक में ब्लू इकोनॉमी जैसे अहम आर्थिक विषयों पर विस्तार से प्रस्तुति दी गई।

आजमगढ़ में भीषण हादसा:

बिजली के पोल से टकराते ही डीजल टैंकर में विस्फोट, तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत

Azamgarh News: यूपी के आजमगढ़ जिले में भीषण हादसा हुआ। गोरखपुर से डीजल लेकर जा रहा टैंकर बिजली के पोल से टकराया, जिसके बाद ट्रांसफार्मर भी गिर गया। टैंकर में विस्फोट हो गया, जिससे तीन लोगों की जलकर मौत हो गई।गोरखपुर से डीजल लेकर बिलरियागंज थाना क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप की ओर जा रहा टैंकर सोमवार को जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के मालटारी-मिर्जापुर स्थित विद्युत उपकेंद्र के पास हादसे का शिकार हो गया।

बिजली के पोल पर लगा ट्रांसफार्मर भी गिर गया। इसके तुरंत बाद तेज धमाके के साथ टैंकर में भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि आसपास मौजूद लोग चाहकर भी टैंकर के पास नहीं जा सके। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटों ने पूरे टैंकर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने के लिए छह दमकल गाड़ियों को लगाया गया। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक टैंकर पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुका था। इस भीषण हादसे में तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मरने वालों में मेहनगर थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव निवासी 26 वर्षीय प्रदीप कुमार भी शामिल है। हादसे के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, दो युवकों की पहचान का प्रयास पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है। मृतकों की पहचान और अन्य तथ्यों की पुष्टि के बाद विस्तृत जानकारी जारी की जाएगी।

यूपी: आज पूरी ताकत के साथ दिखेगा मानसून,

इन 40 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी; यहां होगा वज्रपात

Weather in UP: यूपी में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। राजधानी लखनऊ और उसके आसपास के कई जिलों में बारिश सुबह से हो रही है। उत्तर प्रदेश में सावन की शुरुआत अच्छी बारिश के साथ हुई है। सोमवार को प्रदेश के तराई, पूर्वांचल और पश्चिमी यूपी के ज्यादातर इलाकों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुई। सोमवार को सीतापुर में सर्वाधिक 80.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं प्रयागराज में 63 मिमी, कानपुर में 62.9 मिमी, मिर्जापुर में 56 मिमी, सहारनपुर में 42 मिमी बारिश हुई। इसी तरह प्रदेश के दोनों संभागों के ज्यादातर इलाकों में बारिश देखने को मिली।बारिश के असर से तापमान में गिरावट आई। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार और बुधवार को प्रदेश में बादलों की सक्रियता और बढ़ेगी साथ ही बारिश का जोर भी बढ़ेगा।मंगलवार के लिए मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग के 40 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 56 जिलों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है।क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि चार से छह अगस्त के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अच्छी बारिश होने की संभावना है।

इन जिलों में है भारी बारिश का येलो अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, लखीमपुर खीरी, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, सहारनपुर, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं व आस पास के क्षेत्र।

यहां है गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका

सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र।

हैवान बना बाप: मुंह से गर्दन तक खून, टूटी चारपाई,

बिखरी चूड़ियां, अंतिम सांस तक जूझी बेटी; चीखों से टूटी नींद

आगरा के जैतपुर में बेटी के कोर्ट मैरिज करने से नाराज पिता ने रविवार रात को दुपट्टे और रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। अंकिता ने गत फरवरी में नहटौली के रहने वाले सहपाठी आईटीबीपी जवान अमित उर्फ अनिल से प्रेम विवाह किया था। पड़ोसी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपी पिता को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। आगरा में अंकिता के प्रेम विवाह करने से खुन्नस खाया पिता हैवान बन गया। जिस बेटी को पाल-पोसकर बड़ा किया, वह बिस्तर में गहरी नींद में थी। तभी पिता ने उसे सोते में दबोच लिया। रस्सी से गला दबाने की कोशिश की तो बेटी ने हाथ-पैर मारे। इस पर आरोपी ने अंकिता के मुंह पर घूंसे मारकर लहूलुहान कर दिया। उसकी चीखें रात के सन्नाटे को चीरने लगीं। बेटी बचने के लिए अंतिम सांस तक जूझती रही मगर बेरहम पिता को तरस नहीं आया। पड़ोसियों ने दरवाजे पीटे मगर उसने घर की लाइटें बंद कर दीं।

पड़ोसी अनुज कुमार ने जैतपुर थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी में लिखा कि रविवार रात एक बजे विमल शर्मा के घर से दिल दहलाने वाली चीखों से उनकी नींद टूटी। अन्य पड़ोसी भी घर के बाहर जमा हो गए। खुलवाने को दरवाजा पीटा तो घर की लाइटें बंद हो गईं, घर की छत पर कुछ लोग भागते हुए दिखे। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर 112 नंबर पर कॉल किया, पुलिस के पहुंचने पर आरोपी विमल ने दरवाजा खोला।



खून से सना था अंकिता का मुंह

डरते हुए पुलिस और पड़ोसियों को छत पर बने कमरे में ले गया। कमरे के अंदर अंकिता अचेत पड़ी थी। उसका मुंह खून से सना था, गले में रस्सी, ब्लाउज एवं दुपट्टे के फंदे कसे थे। आनन-फानन पुलिस अंकिता को सीएचसी जैतपुर ले गई, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पड़ोसी की तहरीर पर पिता के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई। एसीपी बाह जितेंद्र कुमार ने बताया कि हत्यारोपी ने अपना जुर्म कबूल किया है। उसने बेटी के प्रेम विवाह करने से गुस्से में आकर हत्या की बात स्वीकारी है।

गुटखे के लिए खून-खराबा: दुकानदार को मारी गोली,

पेट के निचले हिस्से को चीरती हुई आर-पार निकली, मच गई चीख-पुकार

पुलिस के मुताबिक खेड़ी भनौता गांव निवासी उदय प्रताप (42) अपने घर के पास दुकान चलाते हैं। सोमवार को पड़ोस में रहने वाला सुरेंद्र फौजी उनकी दुकान पर गुटखा लेने पहुंचा था। गुटखा मांगने को लेकर दोनों के बीच किसी बात पर कहासुनी हो गई। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के खेड़ी भनौता गांव में सोमवार को गुटखा मांगने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने पड़ोसी दुकानदार पर लाइसेंसी पिस्टल से गोली चला दी। गोली दुकानदार के पेट के निचले हिस्से को छूते हुए आर-पार निकल गई।

घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत अब सामान्य है और वह खतरे से बाहर है।पुलिस के मुताबिक खेड़ी भनौता गांव निवासी उदय प्रताप (42) अपने घर के पास दुकान चलाते हैं। सोमवार को पड़ोस में रहने वाला सुरेंद्र फौजी उनकी दुकान पर गुटखा लेने पहुंचा था। गुटखा मांगने को लेकर दोनों के बीच किसी बात पर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच गाली-गलौज होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान सुरेंद्र फौजी आवेश में आ गया और उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकालकर उदय प्रताप पर फायर कर दिया। गोली उदय प्रताप के पेट के निचले हिस्से में लगी और आर-पार निकल गई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड कराया। जांच में पेट के अंदर गोली नहीं मिली। साथ ही आंतरिक अंग भी सुरक्षित पाए गए। चिकित्सकों ने घायल की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर बताई है। घटना के संबंध में उदय प्रताप के परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र फौजी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद कर ली है। पुलिस आरोपी के हथियार के लाइसेंस और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच कर रही है पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में गुटखा मांगने को लेकर हुए विवाद के बाद गोली चलाने की बात सामने आई है। घटना के बाद गांव में पुलिस बल तैनात कर शांति व्यवस्था कायम कर दी गई है। पुलिस का मामले में की जांच की जा रही है।

हिमाचल: एसई के पदोन्नति लाभ नहीं दिए,

हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्ति के दिन अतिरिक्त सचिव के रोके वित्तीय लाभ

प्रदेश हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना और वरिष्ठता सूची में हेरफेर कर सेवानिवृत्त कर्मचारी को पदोन्नति के लाभ से वंचित रखने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। याचिका पर सुनवाई करते हुए जलशक्ति विभाग के अतिरिक्त सचिव महीपाल वर्मा के सेवानिवृत्ति के दिन वित्तीय लाभों पर रोक लगाने का आदेश दिया हैहिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने आदेशों की अवहेलना और वरिष्ठता सूची में कथित हेरफेर कर सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता (तत्कालीन एक्सईएन) को पदोन्नति के लाभ से वंचित रखने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए जलशक्ति विभाग के अतिरिक्त सचिव महीपाल वर्मा के सेवानिवृत्ति के दिन वित्तीय लाभों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। खंडपीठ ने कहा कि न्यायालय के आदेशों का पालन न करना और निष्पादन याचिका लंबित रहने के दौरान वरिष्ठता सूची में बदलाव कर याचिकाकर्ता को लाभ से वंचित करना गंभीर मामला है।

हाईकोर्ट ने ये कहा

अदालत ने आदेश दिया कि जब तक याचिकाकर्ता को देय राशि का भुगतान कर उसका डिमांड ड्राफ्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता, तब तक अतिरिक्त सचिव के सेवानिवृत्ति लाभ जारी न किए जाएं। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता को 7 मार्च 2024 से 28 फरवरी 2025 तक यानी उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक अधीक्षण अभियंता (सिविल) के पद के सभी वित्तीय लाभों की गणना कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को निर्धारित की गई है।

कोर्ट ने 29 मार्च 2022 को सभी लाभ देने का दिया था आदेश

खंडपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि 29 मार्च 2022 के फैसले में याचिकाकर्ता भूषण लाल शर्मा को वरिष्ठता और सभी परिणामी लाभ देने का आदेश दिया था। इसके बावजूद ढाई वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी विभाग ने आदेशों का पालन नहीं किया। सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष यह भी आया कि 18 मार्च 2025 को जारी अंतिम वरिष्ठता सूची में याचिकाकर्ता की पदोन्नति तिथि 28 दिसंबर 2015 से बदलकर 27 जून 2016 कर दी गई, जिससे उन्हें अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नति का लाभ नहीं मिल सका। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि जलशक्ति विभाग में अधीक्षण अभियंता का नया पद सृजित होने के बावजूद याचिकाकर्ता को पदोन्नत नहीं किया गया और वे 28 फरवरी 2025 को बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो गए। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई को सुनवाई के दिन ही अतिरिक्त सचिव महीपाल वर्मा भी सेवानिवृत्त हो गए थे।

डी-बोर्डिंग स्कूल और हैलीपोर्ट निर्माण का रास्ता साफ, हाईकोर्ट ने टेंडर प्रक्रिया पर लगी रोक को हटाया

प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और लोक निर्माण विभाग को बड़ी राहत देते हुए 5 करोड़ रुपये के कंपोजिट टेंडर प्रक्रिया पर लगी अंतरिम रोक हटा दी है। रोक हटाए जाने के बाद सरकार की दो प्रमुख परियोजनाएं जिला हमीरपुर के कांगू स्थित राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल का निर्माण और जिला ऊना री तहसील रोड़ा में हेलीपोर्ट निर्माण के टेंडर आवंटित करने का रास्ता साफ हो गया है। मामले की सुनवाई करते हुए हाई

Uttarakhand Weather:

भूस्खलन से यमुनोत्री-गंगोत्री हाईवे बाधित, प्रशासन ने की अपील-मौसम देखकर ही करें यात्रा

उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश का असर चारधाम यात्रा मार्गों पर दिखाई दे रहा है। यमुनोत्री और गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग कई स्थानों पर भूस्खलन और मलबा आने से बाधित हो गए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने सोमवार को भी पर्वतीय जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्यानाचट्टी, जंगलचट्टी, बनास और बाड़िया सहित कई स्थानों पर मलबा और बोल्डर आने से अवरुद्ध हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) की टीम द्वारा मार्ग खोलने का कार्य लगातार जारी है। वहीं, गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भी हेल्गूगाड़ के पास अवरुद्ध हो गया है। प्रशासन ने यात्रियों से मौसम और सड़क की स्थिति की जानकारी लेकर ही यात्रा करने की अपील की है।

पहाड़ों पर आज भी भारी बारिश की चेतावनी

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में सोमवार को भी मौसम बदला हुआ रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने तीन अगस्त को देहरादून समेत रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश के साथ बिजली चमकने और गर्जन की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो आठ अगस्त तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा।रविवार के मौसम की बात करें तो पर्वतीय इलाकों में रुक-रुक कर तेज दौर की बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जबकि मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहने से गर्मी का अहसास हुआ। आंकड़ों पर नजर डालें तो दून में सुबह साढ़े आठ से शाम पांच बजे तक 0.5 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।वहीं, दून का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री बढ़ोतरी के साथ 32.3 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री के इजाफे के साथ 24.2 डिग्री रहा। ऐसा ही हाल प्रदेश भर के अन्य इलाकों में भी रहा।

Indian WhatsApp Account Closure: बिना चेतावनी बंद हुए कई व्हाट्सएप अकाउंट, कंपनी बोली- खातों की समीक्षा हो रही

Indian WhatsApp Account Closure: भारत में बिना चेतावनी के कई व्हाट्सएप अकाउंट बंद किए जाने की खबर है। कंपनी का कहना है कि इन यूजर्स के खातों की समीक्षा हो रही है। जानिए क्या है पूरा मामला

मेटा के स्वामित्व वाले मोबाइल मैसेंजिंग एप- व्हाट्सएप के कई यूजर्स के खाते बंद किए जाने की खबर है। रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को बिना किसी चेतावनी के भारत सहित कई देशों के यूजर के अकाउंट अचानक बंद कर दिए। कंपनी ने इन सभी अकाउंट को 24 घंटे के लिए समीक्षा के तहत डाल दिए।

क्या यूजर की सुरक्षा के लिए अकाउंट बैन?

व्हाट्सएप के प्रवक्ता ने कहा कि हम हमेशा अपनी सेवा का दुरुपयोग करने वालों से आगे रहने और अन्य यूजर को सुरक्षित रखने के लिए अकाउंट को बैन करने की दिशा में काम करते हैं। कभी-कभी हमसे गलती हो जाती है, और यदि ऐसा होता है, तो हम लोगों को वापस चैट करने में सक्षम बनाने के लिए इसे जल्द से जल्द ठीक करने का प्रयास करते हैं।

कंपनी को अकाउंट गतिविधियों और डिवाइस की क्या जानकारी चाहिए?

यह समस्या रात लगभग 8 बजे के आसपास सामने आई। एप खोलने के बाद स्क्रीन पर यह संदेश दिखाई दे रहा था, अकाउंट समीक्षा में है। अनुरोध की तारीख 3 अगस्त 2026। आपकी अकाउंट गतिविधियों और डिवाइस की जानकारी की जांच की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह हमारी सेवा की शर्तों का पालन करता है। हम आमतौर पर 24 घंटे के भीतर आपको परिणाम की सूचना देंगे।

आतंक के आकाओं में भरा खौफ: 30 से ज्यादा आतंकियों को अज्ञात हमलावरों ने किया ढेर, लश्कर कमांडर ने खुद कबूला

हाल ही में ऐसी खबरें भी सामने आई थीं कि कुलगाम में दो गैर-स्थानीय मजदूरों और अनंतनाग में दो पुलिसकर्मियों की हत्या की साजिश लश्कर कमांडर लतीफ भट और उसके सहयोगी वारिस शाह ने रची थी। जुलाई में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम आतंकी हमले के मामले में लश्कर प्रमुख हाफिज सईद को आरोपी बनाया था।

कैसे बना लश्कर-ए-तैयबा?

लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना 1980 के दशक के आखिर में पाकिस्तान में हाफिज मोहम्मद सईद, जफर इकबाल और अब्दुल्ला अज्जाम ने की थी। यह संगठन 'मरकज-उद-दावा-व-अल-इरशाद' का उग्रवादी विंग था, जिसकी स्थापना सोवियत-अफगान युद्ध के दौरान हुई थी। सोवियत सेना की अफगानिस्तान से वापसी के बाद संगठन ने अपना ध्यान जम्मू-कश्मीर पर केंद्रित कर दिया। भारत, अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र और कई अन्य देशों ने लश्कर-ए-तैयबा को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। भारत और कई पश्चिमी देशों का लंबे समय से आरोप रहा है कि इस संगठन को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का समर्थन प्राप्त है।

भारत ने पहले भी खारिज किए हैं ऐसे आरोप

यह दावा ऐसे समय सामने आया है, जब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। हनीफ ने अपने आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया है। भारत सरकार पहले भी ऐसे आरोपों को खारिज करती रही है।

पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के वरिष्ठ कमांडर रिजवान हनीफ के एक वीडियो में दावा किया गया है कि पिछले कुछ वर्षों में संगठन के 30 से अधिक आतंकियों की लक्षित हत्याएं हुई हैं। उसने इन घटनाओं के लिए भारतीय खुफिया एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन अपने आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। भारत सरकार पहले भी ऐसे आरोपों को निराधार बता चुकी है। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े एक वरिष्ठ आतंकी ने दावा किया है कि पिछले तीन से चार वर्षों में 30 से ज्यादा लश्कर आतंकियों की धुरंधर स्टाइल में हत्या की गई। लश्कर के आतंकी रिजवान हनीफ ने इन हत्याओं के पीछे भारतीय खुफिया एजेंसियों का हाथ होने का फर्जी दावा किया। उसने अपने दावों के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया। भारत सरकार पहले भी ऐसे आरोपों को खारिज कर चुकी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैयबा का उप प्रमुख और वरिष्ठ कमांडर रिजवान हनीफ यह दावा करता दिख रहा है कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने "अज्ञात हमलावरों" की मदद से लश्कर के कई आतंकियों की हत्या कराई।

हिंदू धर्म पर की क्या आपत्तिजनक टिप्पणी?

हनीफ के मुताबिक, ये घटनाएं कराची, पेशावर, रावलपिंडी और पीओके के मुजफ्फराबाद तथा रावलाकोट में हुईं। आतंकी भर्ती और सीमा पार घुसपैठ में भूमिका के लिए कुख्यात रिजवान हनीफ वीडियो में हनीफ हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक और घृणा फैलाने वाली भाषा का इस्तेमाल करता भी सुनाई देता है।

कई आतंकियों की हो चुकी है हत्या

पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों द्वारा मारे गए प्रमुख लश्कर आतंकियों में अबू सैफुल्लाह उर्फ रजाउल्लाह निजामानी का नाम भी शामिल है। वह वर्ष 2006 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय पर हुए हमले का आरोपी था। उसकी सिंध में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

West Asia: ईरान में अब तक 50 जासूसी के आरोपियों को फांसी; ट्रंप बोले- तेहरान के पास अंतिम अवसर, कब थमेगी जंग?

हम होर्मुज स्ट्रेट को खोलने की बात कर रहे हैं। मंगलवार तक इसे सचमुच खोल दिया जाए। यह पहला चरण है। दूसरे चरण में हम परमाणु मुद्दे पर बात करेंगे। इस मामले में हमारा रुख बहुत सख्त है। उनके (ईरान के) पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते। बातचीत अभी भी चल रही है। उनके पास एक अच्छे समझौते पर हस्ताक्षर करने का आखिरी मौका है। ट्रंप ने एक अन्य बयान में सोमवार को ही ईरानी नेतृत्व को 'दोहरे चरित्र वाला' भी बताया। ट्रंप ने कहा कि वह एक तरफ तो अमेरिका के साथ बातचीत के लिए गिड़गिड़ाते रहते हैं और बैठक तय होती ही खुलेआम कहते फिरते हैं कि कोई बातचीत नहीं हो रही है। यहां तक कि होर्मुज स्ट्रेट को लेकर भी बड़े-बड़े दावे करने लगते हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान चाहे कुछ भी दावा करता रहे, लेकिन यह स्पष्ट है कि होर्मुज स्ट्रेट पर अमेरिका का नियंत्रण बना हुआ है और जब तक अमेरिका नहीं चाहेगा, तब तक ईरान के पास कुछ भी नहीं पहुंचेगा।

अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब देने पर क्या बोला ईरान?

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई के वरिष्ठ सैन्य सलाहकार मोहसेन रेजाई ने अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों को गंभीरता से लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा, ईरान ने रास्ता निर्धारित किया है, इस मार्ग के अलावा किसी भी अन्य समुद्री रास्ते से जहाजों को निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा, अमेरिका ने (इस्लामाबाद) समझौता ज्ञापन के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए ईरान की व्यवस्थाओं को स्वीकार कर लिया था, लेकिन बाद में समझौते का उल्लंघन किया। अमेरिका ने न केवल समझौता ज्ञापन का उल्लंघन किया बल्कि विवाद सुलझाने के लिए बने समाधान पैनल से चर्चा किए बिना ही हमले शुरू कर दिए। कथित उल्लंघन के बाद ईरान ने जोरदार जवाब दिया। बकौल रेजाई, 'समझौते के उल्लंघन के बाद 17 दिनों तक चले संघर्ष में हमने

West Asia: ईरान में जासूसी के 50 आरोपियों को बीते चार महीने में फांसी दी जा चुकी है। इन लोगों को इस्राइल को सैन्य ठिकानों समेत संवेदनशील इलाकों की तस्वीरें भेजने का दोषी पाया गया। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि तेहरान के पास समझौता करने का अंतिम अवसर है। ऐसे में सवाल है कि पश्चिम एशिया में ये जंग कब थमेगी? ईरान ने इस्राइल के लिए जासूसी के आरोप में सोमवार को अपने दो और नागरिकों को फांसी दे दी। यह सजा ऐसे तनावपूर्ण समय में दी गई, जब ईरान पहले ही मुश्किल दौर से गुजर रहा है। ईरानी सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ओमिद बेहजाद और पूरिया सफवत पर आरोप था कि उन्होंने पिछली गर्मियों में हुई छोटी लड़ाई और हालिया संघर्ष के दौरान इस्राइल को सैन्य और सुरक्षा ठिकानों की लोकेशन (कोऑर्डिनेट्स) के साथ-साथ तस्वीरें और जानकारी भेजी थीं। जनवरी में सरकार विरोधी प्रदर्शनों को दबाने के बाद 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर फिर से हमले किए। इस्राइल की सैन्य रणनीति की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने मार्च में बताया था कि मौजूदा ईरान संघर्ष के दौरान इस्राइल ने मुखबिरों से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के चेकपॉइंट्स को निशाना बनाया था।

चार माह में 50 लोगों को फंदे से लटकाया

'ह्यूमन राइट्स वॉच' की 24 जुलाई को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पिछले चार महीनों में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अस्पष्ट आरोपों में कम से कम 50 लोगों को फांसी दी है। इनमें कई 18 और 19 साल के युवा भी शामिल हैं। जेनेवा में ईरान के स्थायी मिशन ने इस संबंध में टिप्पणी के लिए अनुरोध का अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। हालांकि, तेहरान ने पहले भी कैदियों के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों से इन्कार करता रहा है।

ईरान-अमेरिका बातचीत पर क्या बोले ट्रंप, अंतिम अवसर क्यों?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर एक इंटरव्यू के दौरान कहा, दोनों पक्षों की बातचीत जल्द ही किसी न किसी नतीजे पर पहुंचेगी। यह बहुत जटिल नहीं है।

अमेरिका को करारा झटका दिया। हमने अमेरिका को स्पष्ट कर दिया कि हमारे पास मिसाइलें और आत्मरक्षा की क्षमता दोनों हैं। अगर अमेरिका अनधिकृत मार्ग से होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्धपोत भेजता है, तो हम उन्हें निशाना बनाएंगे। हम ईरान द्वारा निर्धारित मार्ग के अलावा किसी अन्य मार्ग को होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थापित नहीं होने देंगे।'

'ईरान के पास बातचीत का आखिरी मौका': ट्रंप ने तेहरान को फिर दी धमकी; ईरानी विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि ईरान के साथ बातचीत चल रही है और होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द खोला जा सकता है। इसके साथ ही ट्रंप ने यह ईरान को धमकी भी दी कि यह उनके पास बातचीत का आखिरी मौका है। ईरान ने इस पर क्या प्रतिक्रिया दी, पढ़िए रिपोर्ट-

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान के साथ बातचीत जल्द ही किसी न किसी नतीजे पर पहुंच जाएगी। यह कोई बहुत मुश्किल बात नहीं है। हम होर्मुज को खोलने की बात कर रहे हैं। इसे सचमुच मंगलवार तक खोल दिया जाएगा। पूरी तरह से खोल दिया जाएगा। ट्रंप ने आगे कहा कि यह पहला चरण है और दूसरे चरण में हम परमाणु मुद्दे पर बात करेंगे। इस मामले में हमारा रुख बहुत सख्त है। उनके (ईरान के) पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते। बातचीत अभी भी चल रही है। यह उनके लिए आखिरी मौका है। एक अच्छे समझौते पर हस्ताक्षर करने का यह उनका अंतिम अवसर है।

ईरानी विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?

दूसरी ओर ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को ट्रंप के 'अप्रत्यक्ष वार्ता' से जुड़े दावे को सिरे से खारिज कर दिया। बाघेई ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, किसी प्रतिनिधि का स्वागत करने या फिर किसी को बातचीत के लिए भेजने की हमारी कोई योजना नहीं है। फिलहाल हमारी अमेरिका से कोई बातचीत नहीं चल रही है।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नेतृत्व के सामने दो विकल्प रखे कि समझौता करें या पूरी तरह आत्मसमर्पण। ट्रंप ने यह चेतावनी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक लंबे बयान के जरिये दी। इस बयान में ट्रंप ने ईरानी नेतृत्व पर 'दोहरा रवैया' अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि ईरान पहले बातचीत के लिए 'गिड़गिड़ा रहा था'। लेकिन बाद में सार्वजनिक रूप से कह दिया कि अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही है। ट्रंप ने लिखा, ईरान इसे माने या न माने। लेकिन हम वास्तव में उस समस्या के समाधान को लेकर बात कर रहे हैं, जिसे उसने दशकों से पैदा किया है। ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान के दावों को भी खारिज किया। यह समुद्री मार्ग दुनिया के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि ईरान यह कहता है कि होर्मुज पर उसका नियंत्रण है, जबकि यह इलाका पहले से ही अमेरिकी नौसेना और उसकी 'नाकेबंदी' या 'स्टील की दीवार' के नियंत्रण में है। ट्रंप ने कहा कि इस जलडमरूमध्य से आवाजाही पूरी तरह अमेरिका की इच्छा पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, ईरान तक कुछ भी नहीं पहुंचेगा, जब तक हम इसकी अनुमति नहीं देंगे। और कुछ भी नहीं पहुंचेगा, जब तक कोई समझौता या पूरी तरह आत्मसमर्पण नहीं हो जाता।

China: चीन में हर विदेशी पर रहती है खुफिया नजर? डाटा लीक ने खोली पोल, हर गतिविधि की बनती है डिजिटल प्रोफाइल

चीन में विदेशी नागरिकों की रीयल टाइम निगरानी का बड़ा खुलासा। डाटा लीक से सामने आया कि वीजा, होटल, यात्रा और गतिविधियों की डिजिटल प्रोफाइल तैयार की जाती है। कोई विदेशी नागरिक, पर्यटक या व्यवसायी जैसे ही चीन की धरती पर कदम रखता है, उसकी हर छोटी-बड़ी हरकत पर खुफिया नजरें टिक जाती हैं। वीजा रिकार्ड से लेकर उसके होटल में ठहरने, कहीं आने-जाने, खाने-पीने तक की रीयल टाइम मॉनीटरिंग होती है और बाकायदा डिजिटल प्रोफाइल तैयार कर लिया जाता है। चीनी प्रशासन अपनी व्यापक निगरानी प्रणालियों को आतंकवाद और अपराध रोकने का जरिया बताता है, लेकिन इसे सुरक्षा के नाम पर व्यक्तिगत गोपनीयता का खुला उल्लंघन माना जा रहा है। यह सब चीनी पुलिस और निगरानी तकनीकी कंपनियों के संगठित तंत्र के तहत चल रहा है। कंपनियां पुलिस की जरूरतों के मुताबिक रोबोटिक्स, फेशियल रिकग्निशन और डायनेमिक कंट्रोल प्लेटफॉर्म जैसे उन्नत सर्विलांस सिस्टम तैयार करती हैं।

डाटा सुरक्षा के लिए नहीं किए जाते कोई इंतजाम

ह्यूमन राइट्स वॉच की एशिया उप-निदेशक माया वांग का कहना है, अन्य देश भी निगरानी प्रणालियों का उपयोग करते हैं, लेकिन चीन में पुलिस की मनमानी के खिलाफ बहुत कम सुरक्षा उपाय मौजूद हैं।

ऐसे खुला राज

चीन में खुफिया निगरानी का खुलासा असुरक्षित पुलिस डैशबोर्ड का डाटा लीक होने से हुआ। दरअसल, एम्सटर्डम के एक साइबर सुरक्षा शोधकर्ता और पत्रकार मार्क होफर एक दिन इंटरनेट पर कुछ खंगाल रहे थे, जब उनकी नजर ओवरसीज पर्सनल के लिए डायनेमिक कंट्रोल प्लेटफॉर्म पर पड़ी। उन्होंने इसे थोड़ा खंगाला तो पाया कि इसकी मदद से चीनी शहर झांगजियाको में विदेशियों पर नजर रखी जा रही थी।

झांगजियाको एक लोकप्रिय स्कीइंग स्थल है जिसने 2022 के शीतकालीन ओलंपिक की सह-मेजबानी की थी। डैशबोर्ड के अनुसार, इसमें शहर में रहने वाले 700 से अधिक विदेशी नागरिकों पर नजर रखी जा रही थी।

कनाडा की एक शोध फर्म सेकदेव ग्रुप से जुड़े वाल्टन ने कहा कि प्रत्येक नया प्लेटफॉर्म उन स्थानों की संख्या को बढ़ाता है जहां संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा को गलत तरीके से कॉपी किया जा सकता है या बाहरी रूप से खोजा जा सकता है।

Hamas Disarmament: नेतन्याहू और बोर्ड ऑफ पीस की बैठक में हमास निरस्त्रीकरण समझौते पर चर्चा; गाजा में शांति कब?

हमास बोला- युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण पर कायम

हमास ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि संगठन और विभिन्न फलस्तीनी गुट युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण को लागू करने पर बनी सहमति के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हमास के अनुसार, समझौते के तहत सभी पक्षों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभानी हैं। संगठन ने यह भी कहा कि वह निकोलाय म्लादेनोव और मध्यस्थ देशों की ओर से हुए समझौते पर स्पष्ट और आधिकारिक जवाब का इंतजार कर रहा है।

गाजा पर इस्राइली हमलों की मध्यस्थ देशों ने की निंदा

वहीं, गाजा युद्धविराम वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे मिस्र, कतर और तुर्किये ने सोमवार को संयुक्त बयान जारी कर इस्राइल के लगातार जारी हमलों की निंदा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों और चिकित्सा ढांचे को निशाना बनाना तथा इसके कारण आम नागरिकों की जान जाना अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का खुला उल्लंघन है। मध्यस्थ देशों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी अपील की कि वह इस्राइल पर समझौते के तहत अपनी जिम्मेदारियों का पालन करने के लिए लगातार दबाव बनाए रखे।

क्या समझौता व्यापक युद्धविराम का हिस्सा है?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले गुरुवार इस समझौते की घोषणा की थी। इसके तहत इस्राइल को अपने सैन्य अभियान रोकने और हमास तथा उसके सहयोगियों को सभी उग्रवादी गतिविधियां बंद करने का प्रस्ताव दिया गया था।

गाजा में युद्ध के बाद शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की कोशिश तेज हो गई है। बोर्ड ऑफ पीस के दूत ने नेतन्याहू से मुलाकात कर हमास के निरस्त्रीकरण समझौते और इस्राइली हमले रोकने पर चर्चा की।

गाजा के युद्ध के बाद के संक्रमण की निगरानी कर रहे बोर्ड ऑफ पीस के अधिकारी ने सोमवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। बोर्ड ऑफ पीस के बयान के अनुसार, इस बैठक में हमास के साथ हुए नए निरस्त्रीकरण समझौते पर चर्चा की गई।

क्या बैठक में निरस्त्रीकरण समझौते पर चर्चा हुई?

बोर्ड ऑफ पीस के अनुसार, गाजा के उच्च प्रतिनिधि निकोलाय म्लादेनोव ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनकी टीम के साथ रचनात्मक और विस्तृत बातचीत की। बयान में कहा गया कि उद्देश्य स्पष्ट है और इसमें कोई बदलाव नहीं है। गाजा पट्टी में हथियारों को पूरी तरह हटाना और हथियारों के शासन से नागरिक प्रशासन की ओर संक्रमण सुनिश्चित करना इसका लक्ष्य है।

क्या गाजा पर हमले रोकने की भी अपील की गई?

बैठक से परिचित दो लोगों के अनुसार, म्लादेनोव ने नेतन्याहू से गाजा पट्टी पर इस्राइली हमले रोकने का भी आग्रह किया। बताया गया कि म्लादेनोव और उनकी टीम, जिसमें वरिष्ठ सलाहकार एरीये लाइटस्टोन भी शामिल हैं, हमास के हथियारों के निरस्त्रीकरण समझौते को आगे बढ़ाने के साथ-साथ इस्राइल पर हमले रोकने का दबाव बना रहे हैं।

FDI: भारत ने 10 हजार करोड़ के विदेशी निवेश को मंजूरी दी इसमें चीन का हिस्सा सिर्फ एक करोड़

ड्रैगन पर कड़ा पहरा

भारत ने 2020 में गलवां घाटी में भारत-चीन सैन्य संघर्ष के बाद जारी प्रेस नोट-3 प्रणाली के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चीन सहित भारत की सीमाओं से लगे देशों से आने वाले निवेश के नियम कड़े कर दिए थे। चीन के अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, म्यांमार और अफगानिस्तान से आने वाले निवेश के लिए सरकार की पूर्व मंजूरी अनिवार्य कर दी गई थी। इससे पहले ऐसे कई निवेश विभागीय या राज्य स्तर पर मंजूर कर लिए जाते थे। सरकार का उद्देश्य था कि महामारी के दौरान वित्तीय संकट झेल रही भारतीय कंपनियों का सस्ते मूल्य पर अधिग्रहण न हो सके। हिस्सेदारी 0.62% रही। वह 4.91 अरब डॉलर (करीब 31,220 करोड़ रुपये) के साथ 15वें स्थान पर था।

FDI यानी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। सरकार के मुताबिक भारत ने 10 हजार करोड़ के विदेशी निवेश को मंजूरी दी, इसमें चीन का हिस्सा सिर्फ एक करोड़ है। हांगकांग से 610 करोड़ के 13 प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में चीन से आए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का केवल एक प्रस्ताव मंजूर किया, जिसकी कुल राशि एक करोड़ रुपये थी। वहीं, हांगकांग से आए 13 निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति मिली, जिनका कुल मूल्य 610.42 करोड़ रहा। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान सरकार ने 63 एफडीआई प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनसे कुल निवेश 10,292.67 करोड़ रुपये (करीब 1.18 अरब डॉलर) रहा। मूल्य के लिहाज से सिंगापुर सबसे बड़ा निवेशक रहा। उसके पांच प्रस्तावों को मंजूरी मिली, जिनकी कुल राशि 3,259.88 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2024-25 में भी भारत ने 28.71 करोड़ रुपये के सिर्फ एक चीनी एफडीआई प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2000 से मार्च 2026 के बीच भारत में आए कुल एफडीआई में चीन की हिस्सेदारी सिर्फ 0.32% रही। इस अवधि में चीन से कुल 2.51 अरब डॉलर (करीब 16,162 करोड़ रुपये) का निवेश आया और वह सूची में 23वें स्थान पर रहा। हांगकांग की

Gold Silver Price: खुदरा खरीद से चमका सोना, भाव 1000 रुपये बढ़कर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर

दिल्ली में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। खुदरा खरीद और मजबूत वैश्विक रुझानों ने इसमें वृद्धि की। चांदी में गिरावट दर्ज की गई। भारत में सोने की मांग 6 फीसदी घटी। देश की राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। आभूषण विक्रेताओं और खुदरा खरीदारों की नई खरीद से यह वृद्धि हुई है। मजबूत वैश्विक रुझानों ने भी सोने की कीमतों को सहारा दिया। पिछले सत्र में 99.9 फीसदी शुद्धता वाला यह पीला धातु 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।हालांकि, अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। चांदी बुधवार के 2,25,300 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 600 रुपये गिरकर 2,24,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। कारोबारियों ने बताया कि आभूषण विक्रेताओं और स्टॉक रखने वालों की बढ़ी हुई मांग से घरेलू सोने की कीमतें बढ़ीं।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि अमेरिकी डॉलर में गिरावट के बाद सोने में वृद्धि हुई। फेडरल रिजर्व की नवीनतम नीति घोषणा के बाद डॉलर में कमी आई थी। पिछले सत्र में लगभग 1 फीसदी की गिरावट के बाद डॉलर सूचकांक 101 के स्तर के आसपास बना रहा। हालांकि, रुपये की मजबूती ने घरेलू बाजार में सोने की आगे की वृद्धि को सीमित कर दिया।

सोने की कीमतों में उछाल के क्या कारण हैं

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सौमिल गांधी ने बताया कि अमेरिकी डॉलर में गिरावट के बाद गुरुवार को सोने में वृद्धि हुई। फेडरल रिजर्व की नवीनतम नीति घोषणा के बाद डॉलर में कमी आई थी। इससे कीमती धातु की मांग बढ़ गई। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले सत्र में लगभग 1 फीसदी की गिरावट के बाद डॉलर सूचकांक 101 के स्तर के आसपास बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना मामूली रूप से बढ़कर 4,071.55 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। चांदी 1 फीसदी बढ़कर 58.25 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई।कोटक नियो (पहले कोटक सिक्योरिटीज) में कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा कि हाजिर सोना 4,060 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के करीब स्थिर है। चांदी 57.5 अमेरिकी डॉलर के करीब बनी हुई है। बाजार के भागीदार फेडरल रिजर्व की यथास्थिति को देख रहे हैं। अमेरिकी व्यक्तिगत उपभोग व्यय मुद्रास्फीति और बेरोजगारी दावों के आंकड़े बाद में आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कीमती धातुएं निकट अवधि में अस्थिर और सीमित दायरे में रहने की संभावना है।

मार्जिन ट्रेडिंग की राह में बड़े खतरे: बाजार की तेजी का फायदा उठाने की ताक में रिटेल निवेशक, उधार लेकर निवेश

क्या होती है मार्जिन ट्रेडिंग फैसिलिटी

अगर आपके पास शेयर खरीदने के लिए पूरा पैसा नहीं है, और आपका ब्रोकर आपसे केवल 20 या 30 फीसदी पैसा लेकर बाकी रकम खुद लगाकर शेयर खरीदवा देता है, तो आप मार्जिन ट्रेडिंग का इस्तेमाल कर रहे हैं। शुरुआती दौर में यह सुविधा बहुत लुभावनी लगती है, क्योंकि कम पैसे में ज्यादा शेयर खरीदने का मौका मिलता है। लेकिन याद रखिए, तेजी के बाजार में जो मार्जिन ट्रेडिंग आपका मुनाफा कई गुना बढ़ा देती है, वही बाजार पलटते ही आपकी पूरी जमा पूंजी को चुटकियों में स्वाहा कर सकती है।

कैसे काम करता है एमटीएफ

मान लीजिए, आप किसी कंपनी के 1,00,000 रुपये के शेयर खरीदना चाहते हैं, लेकिन आपके ट्रेडिंग खाते में सिर्फ 25,000 रुपये हैं। एमटीएफ के तहत, आपका ब्रोकर आपसे 25,000 रुपये का मार्जिन लेकर बाकी के 75,000 रुपये खुद अपनी तरफ से जमा कर देता है और आपके लिए एक लाख रुपये के शेयर खरीद लेता है। ब्रोकर आपको यह 75,000 रुपये मुफ्त में नहीं देता।
इस उधार ली गई रकम पर ब्रोकर आपसे 12 से 18 फीसदी तक का वार्षिक ब्याज वसूलता है (जो दैनिक आधार पर जुड़ता है)। जब तक आप उन शेयरों को बेचकर ब्रोकर का बकाया लोन नहीं चुका देते, तब तक यह ब्याज का मीटर लगातार चलता रहता है।

भारतीय रिटेल निवेशक बाजार में अपनी जेब से ज्यादा उधार के पैसे से दांव खेल रहे हैं। रेटिंग एजेंसी केयरएज के ताजा आंकड़े चौंकाने वाले हैं। जून महीने में मार्जिन ट्रेडिंग फैसिलिटी (एमटीएफ) के तहत निवेशकों का बकाया बढ़कर रिकॉर्ड 1.36 लाख करोड़ रुपये के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। पिछले साल की तुलना में इंचिता की बात यह है कि एक तरफ जहां उधार लेकर शेयर खरीदने की होड़ मची है, वहीं दूसरी तरफ कैश मार्केट की रफ्तार की औसत दैनिक ट्रेडिंग में जून में 6.7 फीसदी की गिरावट देखी गई है।समें 57.6% की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई।ऐसे में सवाल उठता है, अगर वैश्विक तनाव या मुनाफावसूली के कारण बाजार में अचानक गिरावट आती है, तो इस 1.36 लाख करोड़ रुपये के उधारी वाले दांव का क्या होगा?मान लीजिए आपने जो शेयर एक लाख रुपये में खरीदे थे, वह बाजार में गिरावट के कारण गिरकर 70,000 रुपये के रह गए। अब ब्रोकर का दिया हुआ 75,000 रुपये का लोन जोखिम में आ जाता है। ऐसे में ब्रोकर तुरंत आपको मैसेज या मेल भेजकर अतिरिक्त पैसे जमा करने को कहेगा। इसे ही मार्जिन कॉल कहते हैं।अगर आप निश्चित समय के भीतर अतिरिक्त मार्जिन या कैश जमा नहीं कर पाते, तो ब्रोकर को कानूनी अधिकार होता है कि वह आपके शेयर बिना आपकी अनुमति के घाटे में भी बेच दे, ताकि वह अपना 75,000 रुपये का लोन वसूल सके। इसमें आपका पूरा शुरुआती निवेश (25,000 रुपये) डूब सकता है।बाजार में शेयर का दाम चाहे 20 फीसदी गिर जाए, लेकिन ब्रोकर का ब्याज कभी कम नहीं होता।

EPF Interest Credit: क्या आपके पीएफ खाते में आया 8.25% ब्याज? मिनटों में ऐसे करें बैलेंस और पासबुक चेक

ऐसे करें EPFO पोर्टल से बैलेंस चेक
यदि आप अपने खाते में ब्याज की एंट्री देखना चाहते हैं, तो इन स्टेप्स को फॉलो करें।
EPFO e-Sewa या Passbook Portal पर जाएं।
12 अंकों का UAN, पासवर्ड और कैप्चा दर्ज कर लॉगिन करें।
रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आए OTP से सत्यापन करें।
Passbook Lite सेक्शन में जाकर नया बैलेंस, कर्मचारी-अंशदान और जमा हुआ ब्याज देख सकते हैं।
UMANG एप से भी देखें पासबुक
स्मार्टफोन यूजर्स UMANG एप के जरिए भी अपना पीएफ बैलेंस आसानी से देख सकते हैं।
UMANG एप डाउनलोड करें।
EPFO सेवा चुनें।
View Passbook पर क्लिक करें।
UAN दर्ज करें और OTP सत्यापन के बाद पासबुक डाउनलोड कर लें।
मिस्ड कॉल से भी मिलेगी जानकारी
अगर इंटरनेट उपलब्ध नहीं है, तो मिस्ड कॉल के जरिए भी पीएफ बैलेंस की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

EPFO Interest 2025-26: कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8.25% वार्षिक ब्याज की राशि सदस्यों के खातों में जमा करना शुरू कर दिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया के मुताबिक, 34 करोड़ खातों में 1.44 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ब्याज ट्रांसफर किया जा रहा है। अगर आप भी जानना चाहते हैं कि आपके खाते में ब्याज आया है या नहीं, तो इसे कुछ आसान तरीकों से तुरंत जांच सकते हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने अपने सदस्यों के करीब 34 करोड़ खातों में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8.25% की दर से वार्षिक ब्याज का भुगतान जमा करना शुरू कर दिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया के अनुसार, सदस्यों के खातों में कुल 1.44 लाख करोड़ रुपये से अधिक की ब्याज राशि जमा की जा रही है।हाल ही में EPFO ने अपने डाटाबेस को नए डिजिटल प्लेटफॉर्म CITES पर माइग्रेट किया है, जिसके बाद अब पासबुक अपडेट की प्रक्रिया तेजी से जारी है। EPF नियम के तहत ब्याज की गणना हर महीने के रनिंग बैलेंस पर की जाती है, जिसे साल में एक बार खाते में जोड़ा जाता है।UAN से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से 9966044425 पर मिस्ड कॉल दें।
दो रिंग के बाद कॉल अपने आप कट जाएगी।
इसके बाद SMS के माध्यम से खाते का बैलेंस भेज दिया जाएगा।
ध्यान रहे कि इस सुविधा का लाभ लेने के लिए आपका UAN आधार, पैन और बैंक खाते से लिंक होना आवश्यक है।

अपना पैसा: क्या IPO के लिए ले रहे हैं उधार? लिस्टिंग गेन का सपना पड़ सकता है भारी, ब्याज बढ़ाएगा मुश्किलें

आप भी IPO में निवेश करते हैं... संभव है, आपने ऐसे लोगों को देखा हो, जो लोन लेकर या शेयर गिरवी रखकर IPO में पैसा लगा रहे हैं। कई निवेशक मानते हैं कि IPO में लिस्टिंग के दिन होने वाला मुनाफा इतना आकर्षक होता है कि उसके लिए उधार लेना भी उचित है। पर क्या वास्तव में ऐसा है?प्रतापगढ़ में रहने वाले दीपक सिंह ने आईपीओ में पैसा लगाकर मोटा मुनाफा कूटने की योजना बनाई। खुद की जेब में थे बस 50 हजार रुपये। मौका हाथ से निकल न जाए, इसलिए बैंक से आईपीओ के लिए 5 लाख रुपये का लोन ले लिया। गणित सीधा था, 10 दिन में आईपीओ लिस्ट होगा, 50-55 फीसदी प्रीमियम मिलेगा, लोन चुकता कर जेब में एकमुश्त मोटा मुनाफा! लेकिन बाजी उल्टी पड़ गई। शेयर प्रीमियम पर खुलने के बजाय अपने इश्यू प्राइस से 12 फीसदी डिस्काउंट पर लिस्ट हुआ।2026 में अबतक कुल 37 आईपीओ आए हैं। इनमें से केवल 20 ने लिस्टिंग डे पर फायदा कराया, जबकि 16 ने नुकसान। एक आईपीओ इश्यू प्राइस पर ही लिस्ट हुआ।दीपक को डबल झटका लगा...आईपीओ में नुकसान, दूसरी तरफ ब्याज की मार।
दीपक अकेले नहीं हैं। हजारों छोटे निवेशक इसी शॉर्टकट के चक्कर में लोन लेकर आईपीओ में दांव लगा रहे हैं।
आईपीओ आवेदन और लिस्टिंग के बीच बाजार की धारणा बदल सकती है। वैश्विक घटनाएं, ब्याज दरों में बदलाव या घरेलू बाजार में कमजोरी आईपीओ की लिस्टिंग को प्रभावित कर सकती है।
लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज के जरिये निवेश करने वालों के लिए जोखिम और बढ़ जाता है। अगर बाजार गिर जाता है, तो एक तरफ आईपीओ में नुकसान हो सकता है

आखिर क्यों बढ़ रहा है उधार लेकर IPO में निवेश का चलन

2026 में आए कई आईपीओ ने निवेशकों को लिस्टिंग के दिन शानदार रिटर्न दिए हैं। भारत कोकिंग कोल 76% से अधिक प्रीमियम पर सूचीबद्ध हुआ। ऐसे उदाहरण देखकर कई निवेशकों को लगता है कि आईपीओ से कम समय में आसान कमाई की जा सकती है। बस इसी वजह से कुछ निवेशक अपनी बचत से आगे बढ़कर उधार लेकर भी आईपीओ में आवेदन करने लगे हैं। आजकल निवेशकों के बीच एक और तरीका तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज (LAS)। इसमें निवेशक अपने मौजूदा शेयर, म्यूचुअल फंड यूनिट्स, बॉन्ड या अन्य प्रतिभूतियों को गिरवी रखकर लोन लेते हैं और उस रकम का उपयोग आईपीओ में निवेश के लिए करते हैं। लिस्टिंग गेन की गारंटी नहीं : अधिकांश लोग यह मानकर चलते हैं कि हर आईपीओ प्रीमियम पर लिस्ट होगा। लेकिन बाजार का इतिहास बताता है कि कई अच्छे माने जाने वाले आईपीओ भी कमजोर लिस्टिंग दे चुके हैं, इसका ताजा उदाहरण एसबीआई फंड्स है। यदि शेयर डिस्काउंट पर सूचीबद्ध होता है, तो निवेशक को नुकसान उठाना पड़ सकता है। उधार के पैसे से नुकसान और अधिक होता है, क्योंकि ब्याज देना पड़ता है।ब्याज खा सकता है मुनाफा : कोई भी लोन मुफ्त नहीं होता। निवेशक को ब्याज चुकाना पड़ता है। कई बार आईपीओ से मिलने वाला वास्तविक लाभ ब्याज, प्रोसेसिंग और अन्य शुल्क घटाने के बाद काफी कम रह जाता है।ओवर सब्सक्रिप्शन के चलते रिटेल निवेशकों को अलॉटमेंट मिलने की संभावना सीमित होती है।

The Bonus Market Update: बाजार में गिरावट का सिलसिला टूटा; सेंसेक्स 569 अंक चढ़ा, निफ्टी 23950 के करीब

सोमवार को शुरुआती कारोबार में एशियाई बाजार भी अधिकतर बढ़त के साथ खुले। गिफ्ट निफ्टी 0.48 फीसदी बढ़कर 23,942.00 पर रहा। जापान का निक्केई 225 सूचकांक 0.40 फीसदी की वृद्धि के साथ 64,870.00 पर पहुंच गया। हैंग सेंग सूचकांक 0.87 फीसदी बढ़कर 25,183.00 पर बंद हुआ। शंघाई कंपोजिट 0.40 फीसदी की बढ़त के साथ 3,829.39 पर रहा।कुछ एशियाई बाजारों में गिरावट भी दर्ज की गई। ताइवान वेटेड सूचकांक 0.98 फीसदी गिरकर 43,232.88 पर आ गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.50 फीसदी फिसलकर 6,657.15 पर बंद हुआ। पश्चिमी बाजारों में भी मिलाजुला कारोबार देखने को मिला। डॉव जोन्स फ्यूचर्स 289.60 अंक या 0.56 फीसदी बढ़कर 52,236.85 पर कारोबार कर रहा था।

सोमवार, 27 जुलाई 2026 को भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स और निफ्टी ने ईरान-अमेरिका तनाव में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण तेजी से शुरुआत की। जानें वैश्विक बाजारों का हाल और विश्लेषकों की राय।भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार को सप्ताह की शुरुआत तेजी के साथ की। बीएसई सेंसेक्स 549.21 अंक या 0.72 फीसदी बढ़कर 76,608.98 अंक पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 50 में 166.85 अंक या 0.70 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। निफ्टी 23,934.30 अंक के स्तर पर पहुंच गया।पीएल कैपिटल के हेड एडवाइजरी विक्रम कासट के अनुसार 1000 करोड़ रुपये से अधिक बाजार पूंजीकरण वाली 300 से ज्यादा कंपनियों ने नतीजे घोषित किए हैं। इन कंपनियों की आय का रुझान उत्साहजनक बना हुआ है। कासट ने कहा कि उच्च ऊर्जा लागत की चिंताओं के बावजूद मार्जिन में कमी नहीं आई है। राजस्व वृद्धि मध्य-किशोर प्रतिशत में बनी हुई है। कॉर्पोरेट आय में यह मजबूती व्यापक बाजार के स्थिर रहने का मुख्य कारण है। यह मार्च 2026 में देखी गई

Salman Khan: सलमान खान ने बताया कितना घटाया वजन

Salman Khan Weight: बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के एक वायरल वीडियो ने फैंस को चिंता में डाल दिया था। इस बीच इस मामले से जुड़ा उनका एक वीडियो सामने आया है। हाल ही में सलमान खान के स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी ऑफिस जाने के एक वीडियो ने फैंस को उनकी सेहत को लेकर चिंता में डाल दिया। अब, 'अलायंस' में एक खास अपीयरेंस के दौरान सलमान ने अपने वजन घटाने के बारे में बात की है।

सलमान खान ने वजन घटाने पर बात की

'अलायंस' एपिसोड का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सलमान अपने भाई सोहेल से पूछते हुए दिख रहे हैं कि क्या उन्होंने वजन कम किया है। इस पर रिएक्शन देते हुए, बॉलीवुड एक्टर ने अपने एब्स दिखाए और बताया कि उन्होंने 12 किलो वजन कम किया है। सोहेल के वजन घटाने के बारे में बात करने के बाद, सलमान ने भी बताया, 'मैंने 16 किलो वजन कम किया है।'

सलमान ने सोहेल से क्या पूछा?

'अलायंस' में अपनी विजिट के दौरान, सलमान ने अपने भाई सोहेल से यह भी पूछा कि क्या वह अभी भी अपनी एक्स-वाइफ सीमा सजदेह की बात मान रहे हैं। एक्टर ने 'अलायंस' कंटेस्टेंट की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सीमा से अलग होने की पूरी जिम्मेदारी ली। खान ने कहा, 'मेरे नेक भाई ने सारी जिम्मेदारी खुद पर ले ली।'

रितेश पर किया कमेंट

इस बीच, एक प्रोमो में सलमान को रियलिटी शो में शानदार एंट्री करते हुए भी दिखाया गया। घर में एक्टर का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सोहेल ने अपने भाई को गले लगाया और बाद में माना कि वह घर के अंदर थोड़ा नर्वस महसूस कर रहे थे। इसके बाद, सलमान ने मजाक में 'अलायंस' कंटेस्टेंट्स से पूछा कि क्या उन्होंने उनके भाई को तनाव में डाल दिया है। उन्होंने रितेश देशमुख पर बयानबाजी करते हुए कहा 'मुझे लगता है कि रितेश देशमुख की नौकरी खतरे में लग रही है।' काम की बात करें तो, सलमान आखिरी बार रश्मिका मंदाना के साथ 'सिकंदर' में दिखे थे। अब सुपरस्टार अपूर्व लाखिया की 'मातृभूमि' में चित्रांगदा सिंह के साथ नजर आएंगे। इसका पहले नाम 'बैटल ऑफ गलवान' था और यह इस साल अप्रैल में रिलीज होने वाली थी। फिल्म के टलने की अफवाहों के बीच, सलमान ने कन्फर्म किया कि यह प्रोजेक्ट इसी साल रिलीज होगा, हालांकि, नई रिलीज डेट अभी तक नहीं बताई गई है। उन्होंने रितेश देशमुख पर बयानबाजी करते हुए कहा 'मुझे लगता है कि रितेश देशमुख की नौकरी खतरे में लग रही है।

Mrunal Thakur: मृणाल ठाकुर ने एआई डीपफेक को लेकर दी कानूनी चेतावनी कहा 'मेरी शक्ल का इस्तेमाल

Mrunal Thakur Against Deepfake: मृणाल ठाकुर उन कलाकारों में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने डीपफेक के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लिख कर उनकी पहचान का गलत इस्तेमाल करने वालों को चेतावनी दी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के गलत इस्तेमाल से दुनिया भर के लोगों, खासकर मशहूर हस्तियों के बीच चिंता बढ़ रही है। इस टेक्नोलॉजी के जरिए डीपफेक, छेड़छाड़ किए गए वीडियो और पहचान के गलत इस्तेमाल के कई मामले सामने आए हैं। ऐसे में मृणाल ठाकुर ने इसके खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने डीपफेक बनाने वालों को चेतावनी दी है। मृणाल ठाकुर ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर डीपफेक कंटेंट बनाने या फैलाने के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की। उन्होंने लिखा 'मेरी शक्ल का इस्तेमाल करके डीपफेक कंटेंट बनाना या शेयर करना गैर-कानूनी और अस्वीकार्य है। इसे तुरंत रोकने के लिए मेरी तरफ से औपचारिक नोटिस समझें। मेरी पहचान का आगे कोई भी गलत इस्तेमाल हुआ तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।' मृणाल उन कई भारतीय मशहूर हस्तियों में से एक हैं जिन्होंने डीपफेक के बारे में बात की है। हाल के समय में, कई एक्टर्स ने एआई से होने वाले गलत इस्तेमाल से अपनी पहचान, इमेज और पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन कलाकारों में अक्षय कुमार, वरुण धवन, अनिल कपूर, शिल्पा शेट्टी, प्रीति जिंटा, कार्तिक आर्यन, सुनील शेट्टी और कई स्टार्स शामिल हैं। अभिनेत्री हाल ही मे 'डकैत' और 'है जवानी तो इश्क होना है' जैसी फिल्मों में नजर आई हैं। फिलहाल, वह एटली कुमार के निर्देशन में बन रही बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा फिल्म 'राका' से जुड़ी हुई हैं। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, दीपिका पादुकोण और रश्मिका मंदाना जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

Mary Rivera: 'स्पाइडर-मैन नो वे होम' की अभिनेत्री मैरी रिवेरा का निधन 82 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

Mary Rivera Passed Away: 'स्पाइडर-मैन: नो वे होम' में नेड लीड्स की दादी का यादगार रोल निभाने वाली मैरी रिवेरा का निधन हो गया है। वह 82 साल की थीं। स्ट्रोक की वजह से उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। 'स्पाइडर मैन नो वे होम' में जैकब बटालोन के किरदार नेड लीड्स की प्यारी दादी का रोल निभाने वाली मैरी रिवेरा का 82 साल की उम्र में निधन हो गया है। हवाई की रहने वाली इस एक्ट्रेस का स्ट्रोक के कारण निधन हुआ। उन्होंने अपने मिलनसार स्वभाव और मजाकिया अंदाज से मार्वल फैंस का दिल जीता था।

बचने की नहीं थी कोई उम्मीद

वह कोमा में थीं। जब डॉक्टरों ने परिवार को बताया कि उनके ठीक होने की उम्मीद बहुत कम है, तो परिवार ने उन्हें लाइफ सपोर्ट से हटाने का फैसला किया।

मार्वल की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में मैरी रिवेरा का यह एकमात्र ऑन-स्क्रीन रोल था, जिसमें उन्होंने तागालोग भाषा में बात की थी।

आभारी थीं रिवेरा

रिवेरा के परिवार में उनके पति एलेजांद्रो, बच्चे, 11 पोते-पोतियां और चार परपोते-परपोतियां हैं। उनके परिवार ने बताया कि उन्हें मार्वल के साथ काम करने का अनुभव बहुत पसंद था। सिनेमा की सबसे बड़ी सुपरहीरो फिल्मों में से एक का हिस्सा बनने का मौका मिलने के लिए वह बहुत आभारी थीं। मैरी रिवेरा सिर्फ एक फीचर फिल्म में नजर आईं,

प्रियंका चोपड़ा ने दिखाए अपने दो रूप यूजर्स को आए पसंद कहा 'आप पर गर्व है'

Priyanka Chopra Viral Video: प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर अपने दो रूप दिखाए हैं। यूजर्स को उनके दोनों रूप पसंद आए हैं। आइए जानते हैं उनके नए वीडियो में क्या खास है? प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक नया वीडियो शेयर करके फैंस को अपनी घरेलू जिंदगी की एक झलक दिखाई है। इस वीडियो में उनके 'मामा' (माँ) और 'मामासिटा' (बिंदास मां) दोनों ही रूप देखने को मिल रहे हैं। प्रियंका के इस वीडियो ने कई फैंस का दिल जीत लिया है। वीडियो की शुरुआत एक शांत और निजी पल के साथ होती है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती मैरी को देवी दुर्गा को समर्पित 'सर्व मंगल मांगल्ये' मंत्र सिखा रही हैं। मां और बेटी के बीच का यह प्यार भरा संवाद प्रियंका के उस 'ममा' वाले रूप को दिखाता है, जिसका जिक्र उन्होंने अपनी पोस्ट में किया है। क्लिप के दूसरे हिस्से में माहौल बदल जाता है। जहां 44 साल की एक्ट्रेस दोस्तों के साथ मस्ती भरे अंदाज में डांस करती दिख रही हैं और अपना 'मामासिटा' वाला रूप दिखा रही हैं। ये दोनों पल मिलकर प्रियंका की जिंदगी की एक ऐसी तस्वीर दिखाते हैं, जिसमें वह परिवार के साथ शांत समय बिताने और मस्ती भरे पलों के बीच संतुलन बनाए रखती हैं। कई यूजर्स को प्रियंका का ये वीडियो खूब पसंद आया है। अभिनेत्री नेहा मलिक ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा 'क्यूट मामा, क्यूट मामासिटा।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'देसी गर्ल से देसी मां तक।' एक और यूजर ने लिखा 'आप पर गर्व है। आप प्रेरणा हैं।' एक और यूजर ने लिखा है 'आप दोनों रूपों में कमाल लगती हैं।'

Spider Man Brand New Day: स्पाइडर-मैन 4' ने पांचवें दिन बनाया रिकॉर्ड 300 करोड़ क्लब से कुछ ही दूर

Spider Man Brand New Day Box Office Collection: दुनियाभर में फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की धूम है। भारत भी इससे छूटा नहीं है। जानिए इस फिल्म ने पांचवें दिन कितना कलेक्शन किया है। बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' का जलवा है। भारत में तो यह फिल्म अच्छी कमाई कर ही रही है। इसके साथ यह फिल्म वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड बना रही है। बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' को भी दर्शक प्यार दे रहे हैं। वहीं साउथ की फिल्म 'जन नायकन' भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा रही है। सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' ने पांचवें दिन यानी सोमवार को 23.80 करोड़ रुपये कमाए हैं। जबकि चौथे दिन इसने 77.75 करोड़ रुपये कमाए थे। भारत में फिल्म का कुल कलेक्शन 281.75 करोड़ रुपये हो चुका है। इस फिल्म में टॉम हॉलैंड एक बार फिर से स्पाइडर-मैन के रोल में नजर आए हैं। इसके निर्देशक डेस्टिन डेनियल क्रेटन हैं। 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' ने वर्ल्डवाइड 927 मिलियन डॉलर (लगभग 8 हजार 894 करोड़ रुपये) का कलेक्शन किया है। इसी के साथ यह फिल्म ओपनिंग वीकएंड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी फिल्म बन गई है। इससे पहले 2019 में रिलीज हुई 'एवेंजर्स- एंडगेम' ने रिलीज के पहले हफ्ते में 1.2 बिलियन डॉलर (लगभग 11 हजार करोड़ रुपये) का कारोबार किया था।

मुझे लगा था किसी को पता नहीं चलेगा' रश्मिका मंदाना ने साझा किया हेल्थ अपडेट बताया कैसे लगी चोट?

Rashmika Mandanna Health Update: अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को लेकर बीते दिन खबर आई थी कि उनके कूल्हे में गंभीर चोट लगी है। खुद अभिनेत्री ने इसकी पुष्टि की है और साथ ही सेहत पर अपडेट भी दिया है। रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म 'मैसा' के सेट पर बीते दिनों घायल हो गईं। यह खबर जैसे ही सामने आई, अभिनेत्री के फैंस चिंतित हो उठे। आज सोमवार को खुद रश्मिका ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी हेल्थ पर अपडेट साझा करते हुए बताया कि चोट लगी कैसे? उन्होंने बताया कि ऐसा लगातार तीसरी बार हुआ है, जब उन्हें चोट लगी है। **बोलीं- 'मुझे समझना होगा कि मैं मशीन नहीं हूं'**

रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी एक तस्वीर साझा की है और लंबा नोट लिखा है। एक्ट्रेस ने लिखा है, 'हैलो दोस्तों! चोट लगना बहुत बुरा होता है और मुझे सच में उम्मीद थी कि किसी को पता नहीं चलेगा। पर खैर..., माफ करना कि मैं गायब थी, लेकिन अब मैं वापस आ गई हूं। यह कुछ समय पहले हुआ था और यह मेरी लगातार तीसरी चोट है। मुझे यह सीख लेना चाहिए कि अपने शरीर को एक इंसान के शरीर की तरह समझूं, न कि किसी मशीन की तरह'।

कहां लगी है अभिनेत्री को चोट?

रश्मिका मंदाना ने आगे लिखा है, 'अब मुझे समझ नहीं आ रहा कि चोट को लेकर असल में कैसे समझाऊं? (बायोलॉजी टीचर को आने देते हैं)। दरअसल, कूल्हे (Hip) के दोनों तरफ चार टेंडन होते हैं, जो कूल्हे को पैर से जोड़ते हैं। चोट लगने से मेरे दाहिने कूल्हे का एक टेंडन अलग हो गया था। उसे वापस जुड़ना होगा, ताकि मैं अपना पैर उठा सकूं और बाकी चीजें कर सकूं। यह चोट मुझे फिल्म 'Mysaa' के लिए मेरे डांस शूट के दौरान लगी। यह पक्का अब तक का मेरा सबसे जबर्दस्त डांस वाला काम था'। श्मिका ने आगे लिखा है, 'लेकिन चिंता मत करिए। दर्द तो है पर ऐसा नहीं कि सहा न जा सके... तो बस यही बात है... और मुझे लगता है कि भगवान कह रहे हैं कि अगर तुम पर छोड़ दिया जाए तो तुम कभी ब्रेक नहीं लोगी, इसलिए लो... मैं तुम्हारे लिए यह कर देता हूं। आपको पता है, ये सारी चोटें एकदम अचानक लगीं। ये सब अजीबो-गरीब हादसे थे। क्या ही इत्तेफाक है। जबर्दस्ती की छुट्टी। हालांकि, मैं कोई शिकायत नहीं कर रही। मैं बहुत सारे पजल सॉल्व कर रही हूं। मुझे पता ही नहीं था कि मैं इसमें इतनी अच्छी हूं।

Aaj Ka Rashifal 4 August

इन 3 राशि वालों के लिए नई उम्मीदों से भरा रहेगा दिन मिलेगी बड़ी खुशखबरी

4 August 2026 Rashifal: आज का दिन आपके लिए कैसा रहने वाला है, आइए इस राशिफल से जानते हैं।

4 August 2026 Rashifal: 4 अगस्त 2026 का दिन कुछ राशि वालों के लिए सफलता-सम्मान लेकर आएगा। साथ ही निवेश-करियर को लेकर नए अवसरों के द्वार भी खुल सकते हैं। लेकिन कुछ लोगों को आज जल्दबाजी करने से बचना होगा और संयम से काम करना ही उचित रहेगा। ऐसे में आइए मेष से लेकर मीन राशि तक सभी 12 राशियों का आज का राशिफल जानते हैं।

मेष

आज का दिन आपके लिए खुशियों और नई उम्मीदों से भरा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में प्रेम और आपसी समझ बढ़ेगी, जिससे घर का माहौल सुखद बना रहेगा। यदि परिवार में कोई पुराना विवाद चल रहा था, तो वह आपकी समझदारी से सुलझ सकता है। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें और जल्दबाजी से बचें। अपनी पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ेंगे, तो आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धन से जुड़े किसी भी निवेश या योजना में बिना पूरी जानकारी के निर्णय लेने से बचें।

वृषभ

आज आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर विशेष नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। बेवजह के विवादों से दूरी बनाए रखें और आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम उठाएं। कार्यक्षेत्र में कोई व्यक्ति आपको भ्रमित करने की कोशिश कर सकता है, इसलिए सतर्क रहें। पुराने कर्ज को चुकाने की दिशा में प्रयास सफल हो सकते हैं। यदि आप प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो लोन लेने की संभावना बन सकती है। संतान के व्यवहार को लेकर थोड़ी चिंता बनी रह सकती है।

मिथुन

आज का दिन करियर के लिहाज से आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और कार्यक्षेत्र में आपको सराहना मिल सकती है। सरकारी कार्यों में थोड़ी सावधानी और समझदारी से काम लेना होगा। शौक और मनोरंजन पर खर्च बढ़ सकता है, इसलिए बजट का ध्यान रखें। परिवार में किसी नए सदस्य के आगमन या शुभ समाचार से घर का वातावरण खुशियों से भर जाएगा।

कर्क

आज आपको भावनाओं के बजाय समझदारी से निर्णय लेने की आवश्यकता है। जल्दबाजी या भावुक होकर लिया गया फैसला परेशानी बढ़ा सकता है। खर्चों पर नियंत्रण रखें और अनावश्यक खर्च से बचें। दूसरों की कमियां निकालने से रिश्तों में दूरी आ सकती है। व्यापार में बदलाव करने का विचार लाभदायक साबित हो सकता है, हालांकि इसके लिए अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। परिवार में जिम्मेदारियों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है।

कन्या

आज का दिन आपको सतर्क रहने की सलाह दे रहा है। कुछ लोग आपके खिलाफ योजना बना सकते हैं, इसलिए किसी पर भी आंख बंद करके भरोसा न करें। पुराने कर्ज को लेकर चिंता बनी रह सकती है। लापरवाही से नुकसान होने की संभावना है, इसलिए हर काम सोच-समझकर करें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है, लेकिन पुरानी बातों को दोहराने से बचें। पिताजी की आंखों से जुड़ी किसी समस्या के कारण डॉक्टर से सलाह लेनी पड़ सकती है।

सिंह

आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा और लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। व्यापार में लाभ मिलने के संकेत हैं और जीवनसाथी का पूरा सहयोग प्राप्त होगा। यदि आप नौकरी बदलने का विचार कर रहे हैं, तो बेहतर अवसर और पदोन्नति के योग बन सकते हैं। आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। विद्यार्थियों के लिए भी दिन अनुकूल रहेगा और पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है।

तुला

आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा और करियर में अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आप ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से लंबे समय से रुका हुआ कोई महत्वपूर्ण कार्य पूरा हो सकता है। किसी प्रिय व्यक्ति से मुलाकात आपके चेहरे पर मुस्कान ले आएगी। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी प्रतिष्ठा और सम्मान में वृद्धि होगी।

वृश्चिक

आज आपको सबसे पहले अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए आप नए प्रयास करेंगे और आय के अतिरिक्त स्रोत भी बन सकते हैं। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, लेकिन आप उन्हें अच्छी तरह निभाने में सफल रहेंगे। संतान से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण विषय आज चर्चा का कारण बन सकता है। धैर्य और संतुलन बनाए रखना आपके लिए लाभदायक रहेगा।

धनु

आज का दिन आपके लिए खुशियों और शुभ समाचारों से भरा रहने वाला है। एक के बाद एक सकारात्मक समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती है। आप किसी जरूरतमंद की सहायता करेंगे, जिससे मानसिक संतोष मिलेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और आय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। संतान के लिए किसी नई शुरुआत का अवसर भी मिल सकता है।

मकर

आज का दिन संतुलित और लाभदायक रहेगा। आय में वृद्धि होने से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में पूरी एकाग्रता के साथ काम करें, क्योंकि आपकी मेहनत की सराहना हो सकती है। प्रॉपर्टी या नया वाहन खरीदने की योजना बन सकती है। परिवार में एकता बनी रहेगी और किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर हो सकती है। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में भी आपकी रुचि बढ़ेगी।

कुंभ

आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत लेकर आया है। भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा और किसी दूर रहने वाले प्रियजन की याद मन को भावुक कर सकती है। बच्चों के साथ समय बिताकर आपको खुशी मिलेगी। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। जीवनसाथी की ओर से कोई सुखद सरप्राइज मिल सकता है। नए कार्यों की शुरुआत करने का उत्साह भी बना रहेगा।

मीन

आज आपको हर काम सोच-समझकर करने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में पूरा ध्यान रखें, क्योंकि लापरवाही से आर्थिक नुकसान हो सकता है। बड़े जोखिम लेने से बचें और साझेदारी में बिना जांच-पड़ताल के निर्णय न लें। आपकी मधुर वाणी कई समस्याओं का समाधान कर सकती है। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी रह सकती है और डॉक्टर से सलाह लेनी पड़ सकती है। संतान के साथ कहीं घूमने का कार्यक्रम बन सकता है, जिससे दिन सुखद रहेगा।

Aaj Ka Love Rashifal

इन 5 राशि वालों के जीवन में बढ़ेगा प्रेम साथी के साथ घूमने का मिलेगा अवसर

Love Rashifal: आज का दिन आपके प्रेम जीवन के लिए कैसा रहेगा ? आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी 12 राशियों का 4 अगस्त 2026 का लव राशिफल।

Love Rashifal 4 August 2026: 4 अगस्त का दिन कुछ राशि वालों के लिए खास रहेगा और आपके प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। इसके अलावा कुछ जातकों के विवाह योग भी बनेंगे और जीवन में किसी खास की दस्तक होगी। आइए जानते हैं 4 अगस्त का लव राशिफल।

Surya Grahan 2026

सावन शिवरात्रि के अगले दिन लगेगा सूर्य ग्रहण, जानें प्रभाव और सूतक काल का समय

Surya Grahan In August 2026: अगस्त में साल का आखिरी सूर्य ग्रहण लगेगा। यह सावन शिवरात्रि से अगले दिन घटित होगा। ऐसे में सवाल यह है कि, क्या यह भारत में नजर आएगा ?

Surya Grahan In August 2026: इस वर्ष 11 अगस्त 2026 को सावन शिवरात्रि मनाई जाएगी। यह पर्व भगवान शिव की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि, इस दिन शिवलिंग पर जलाभिषेक और विधि-विधान से पूजा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। साथ हीभ भाग्य में सकारात्मक बदलाव महसूस होता है। ज्योतिषियों की मानें, तो इस बार सावन शिवरात्रि के अगले दिन, यानी 12 अगस्त 2026 को सूर्य ग्रहण भी लगने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहण काल को शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं माना जाता है। इसलिए इस दौरान पूजा-पाठ और अन्य मांगलिक कार्यों को लेकर कई नियमों का पालन किया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं सूर्य ग्रहण का समय, सूतक काल और भारत में इसका प्रभाव।

Budhaditya Yog

5 अगस्त से बदलेंगे इन राशियों के दिन, बुधादित्य योग से धन-करियर में मिलेंगे शुभ परिणाम

Budhaditya Yog 2026: 5 अगस्त को बुधादित्य योग का प्रभाव कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को इसका सकारात्मक परिणाम मिल सकता है।

Mercury Transit In Cancer 2026: जब जन्म कुंडली में सूर्य और बुध एक ही राशि या भाव में साथ स्थित होते हैं, तब बुधादित्य योग बनता है। 5 अगस्त को बुध ग्रह के कर्क राशि में प्रवेश करते ही यह शुभ योग बनेगा, क्योंकि सूर्य पहले से ही इस राशि में विराजमान हैं। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इस योग का प्रभाव कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को इसका सकारात्मक परिणाम मिल सकता है।

मेष राशि

इस राशि के जातकों के लिए यह योग चतुर्थ भाव, यानी सुख और संपत्ति से जुड़े स्थान में बनेगा।
ऐसे में जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में सफलता मिलने की संभावना है।
परिवार का माहौल शांत और सहयोगपूर्ण रहेगा।
करियर में भी प्रगति के संकेत हैं और आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकती है।
अगस्त के दौरान कुछ लोग वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं।
माता-पिता का सहयोग भी आपको मजबूती देगा।

मिथुन राशि

मिथुन राशि के स्वामी बुध हैं, इसलिए यह योग इनके लिए विशेष फलदायी माना जा रहा है।
यह योग आपके दूसरे भाव, यानी धन स्थान में बनेगा, जिससे आय के नए स्रोत खुल सकते हैं।
व्यापार से जुड़े लोगों को किसी बड़ी डील का लाभ मिल सकता है, वहीं नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति के अवसर मिल सकते हैं।
आपकी वाणी और तर्कशक्ति के कारण समाज में सम्मान भी बढ़ सकता है।

IND vs SL: धोनी की निगरानी में ऋषभ पंत ने की टेस्ट सीरीज की तैयारी
रांची में माही के साथ अभ्यास करते आए नजर

भारत को इस महीने श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। यह दौरा ऋषभ पंत के लिए काफी अहम होने वाला है। पंत ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है और उन्होंने रांची में महेंद्र सिंह धोनी की देखरेख में अभ्यास किया है। श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की देखरेख में अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत श्रीलंका दौरे पर जा रहा है, जहां पहला टेस्ट 15 अगस्त से शुरू होना है। स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों में शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम के लिए मध्य क्रम में पंत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रहने की उम्मीद है।

ट्रेनिंग करते वीडियो हुआ वायरल

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने रांची में धोनी और पूर्व भारतीय स्पिनर शाहबाज नदीम के साथ अभ्यास किया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में पंत और धोनी को पूर्व कप्तान के फार्महाउस से एक साथ बाहर निकलते हुए देखा गया, जबकि कई प्रशंसकों ने भी ट्रेनिंग सत्र की झलकियां साझा कीं। श्रीलंका का यह दौरा पंत के लिए एक ऐसे समय में आया है जब हाल ही में भारत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई घरेलू टेस्ट सीरीज में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। श्रीलंका में परिस्थितियों के स्पिन के अनुकूल रहने की पूरी संभावना है, इसलिए पंत को उम्मीद होगी कि धोनी के साथ यह ट्रेनिंग सत्र दो मैचों की इस सीरीज से पहले उनके खेल को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

श्रीलंका में मिलेगी चुनौती

धोनी को उपमहाद्वीप में स्पिन गेंदबाजी और विकेटकीपिंग की परिस्थितियों को सबसे बेहतर ढंग से समझने वाले खिलाड़ियों में गिना जाता है। पंत पिछले कुछ वर्षों से नियमित रूप से उनकी सलाह लेते रहे हैं और दोनों के बीच गहरा रिश्ता है। इसके अलावा, यह विकेटकीपर बल्लेबाज सभी फॉर्मेट में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने के लिए पिछले कुछ हफ्तों से पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह के मार्गदर्शन में अपनी सीमित ओवरों की क्रिकेट पर भी काम कर रहा है।

श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए भारत की टीम:

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, आकिब नबी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन।

IND vs SL: जिगरी दोस्त की वजह से शुरू होगा आकिब नबी का टेस्ट सपना पिता के एक फैसले ने किस तरह बदल दी जिंदगी?

जम्मू-कश्मीर के गेंदबाज आकिब नबी भारत के लिए टेस्ट डेब्यू करने के करीब हैं। नबी ने घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन की बदौलत राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई है। पहले उन्हें श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए नहीं चुना गया था, लेकिन जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के बाद आकिब को मौका मिला। आकिब के जिगरी दोस्त जुबैर डार ने बताया कि किस तरह नबी के पिता चाहते थे कि वह पढ़ाई में आगे बढ़े, लेकिन उनकी सलाह से वह नबी को क्रिकेट में आगे बढ़ाने के लिए मान गए। भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पूरी तरह फिट नहीं होने के कारण श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुमराह की जगह जम्मू-कश्मीर के आकिब नबी को टीम में किया है। नबी टीम में जगह बनाने में तो सफल रहे हैं, लेकिन देखना दिलचस्प होगा कि क्या उन्हें डेब्यू का मौका मिलेगा?

आसान नहीं रहा उच्च स्तर पर क्रिकेट खेलना

नबी के लिए उच्च स्तर पर क्रिकेट खेलना आसान नहीं रहा। जब किशोर उम्र के आकिब नबी को बीसीसीआई के तेज गेंदबाजी शिविर में हिस्सा लेने का मौका मिला तब वह बायो साइंस विषय के साथ 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। इस शिविर में ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा उन्हें तेज गेंदबाजी की बारीकियां सिखाने वाले थे। इस शिविर में ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा उन्हें तेज गेंदबाजी की बारीकियां सिखाने वाले थे।

नबी के पिता गुलाम नबी डार एक सरकारी स्कूल में शिक्षक थे और शिक्षा को सबसे अधिक महत्व देते थे। वह चाहते थे कि उनका बेटा पढ़ाई पर ध्यान दे और क्रिकेट के लिए पढ़ाई बीच में ना छोड़े। आखिरकार डार मान गए। उनका यह फैसला नबी की जिंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। करीब 13 साल बाद दाएं हाथ के तेज गेंदबाज नबी ने इतिहास रचते हुए जम्मू-कश्मीर के पहले ऐसे क्रिकेटर बनने का गौरव हासिल किया जिन्हें भारत की टेस्ट टीम में जगह मिली। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया। नबी के पहले क्लब कप्तान जुबैर डार ने उस घटना को याद करते हुए कहा, उनके पिता बीसीसीआई के शिविर में भेजने के सख्त खिलाफ थे जबकि वहां ग्लेन मैकग्रा जैसे महान गेंदबाजी कोच थे। उनका कहना था कि नबी को पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। मुझे उन्हें समझाना पड़ा कि मैकग्रा जैसे दिग्गज से सीखने का यह मौका गंवाना नहीं चाहिए। नबी के करीबी दोस्त जुबैर मानते हैं कि उनके पिता ने आखिरकार बेटे के जुनून को समझा और सही फैसला लिया। उन्होंने कहा, जब मैं उनके पिता को मनाने में सफल हुआ तो उन्होंने मुझसे कहा कि नबी श्रीनगर से चेन्नई ट्रेन से नहीं जाएगा। एक सरकारी शिक्षक होने के बावजूद उन्होंने करीब 10 हजार रुपये की व्यवस्था की और उसे हवाई जहाज से भेजा।

Duleep Trophy: कन्हैया वधवान दलीप ट्रॉफी में करेंगे उत्तर क्षेत्र की कप्तानी अर्शदीप सिंह भी टीम में शामिल

दलीप ट्रॉफी के लिए सोमवार को उत्तर क्षेत्र (नॉर्थ जोन) टीम का एलान हो गया है। इस टीम की कप्तानी कन्हैया वधवान को सौंपी गई है, जबकि आयुष बडोनी टीम के उपकप्तान होंगे। भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को आगामी दलीप ट्रॉफी के लिए सोमवार को उत्तर क्षेत्र की टीम में शामिल किया गया, जबकि जम्मू-कश्मीर के विकेटकीपर बल्लेबाज कन्हैया वधवान को 15 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम इंडिया के लिए सफेद गेंद के विशेषज्ञ अर्शदीप को 2025 के इंग्लैंड दौरे के दौरान टेस्ट टीम में शामिल किया गया था, लेकिन चोट और संयोजन से जुड़ी समस्याओं के कारण वह भारत के लिए लाल गेंद के प्रारूप में डेब्यू नहीं कर पाए थे। टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हरियाणा के अंशुल कंबोज को भी 23 अगस्त से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए नॉर्थ जोन की टीम में जगह मिली है। जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी जीत से उत्साहित चयनकर्ताओं ने चैंपियन टीम के छह खिलाड़ियों को इस टीम में जगह दी है। वधवान के अलावा इसमें ओपनर कमरान इकबाल, ऑलराउंडर अब्दुल समद, बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक, तेज गेंदबाज सुनील कुमार और तेज गेंदबाज युद्धवीर सिंह शामिल हैं। दिल्ली के आयुष बडोनी को उपकप्तान बनाया गया है, जबकि जम्मू-कश्मीर के अनुभवी कप्तान पारस डोगरा इस टूर्नामेंट के लिए नहीं चुना गया

PCB: पाकिस्तान के कोचिंग स्टाफ में हुआ बदलाव दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व क्रिकेटर को बनाया बल्लेबाजी कोच

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टीम के कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया है। बोर्ड ने माइक स्मिथ को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया है। पीसीबी ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर माइक स्मिथ को टीम का नया बल्लेबाजी कोच बनाया है। स्मिथ का कार्यकाल आगामी इंग्लैंड दौरे से शुरू हो गया। पाकिस्तान की टीम पिछले कुछ समय से बल्लेबाजी विभाग में परेशानी से जूझ रही है जिसे देखते हुए बोर्ड ने स्मिथ के साथ करार किया है।

इंग्लैंड में टीम के साथ जुड़ सकते हैं स्मिथ

स्मिथ लेवल-4 के बल्लेबाजी कोच हैं और उनके पास फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग की टीमों का कोच बनने का अनुभव है। वह पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में कई टीमों के साथ काम कर चुके हैं। सूत्र ने बताया कि जब पीसीबी ने बल्लेबाजी कोच पद के लिए विज्ञापन निकाला था तभी स्मिथ ने इसके लिए आवेदन किया था जिसके बाद पीसीबी ने स्मिथ के साथ मौखिक रूप से करार भी तय कर लिया था। माना जा रहा है कि स्मिथ को इंग्लैंड में पाकिस्तान टीम के साथ जुड़ने के लिए हरी झंडी मिल सकती है। पाकिस्तान को 19 अगस्त से इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच खेलने हैं। स्मिथ बल्लेबाजी कोच के तौर पर राष्ट्रीय चयनकर्ता असद शफीक की जगह लेंगे जो अंतरिम तौर पर ये जिम्मेदारी निभा रहे थे। शफीक फिलहाल राष्ट्रीय टीम के साथ वेस्टइंडीज में हैं। माइक स्मिथ इस पद पर पूर्व पाकिस्तानी बल्लेबाज और राष्ट्रीय चयनकर्ता असद शफीक की जगह लेंगे, जो अब तक अंतरिम रूप से बल्लेबाजी कोच की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। रिपोर्टों के अनुसार, असद शफीक पर चयन समिति और अकादमी के काम का अधिक दबाव होने के कारण बल्लेबाजी प्रदर्शन पर पूरा ध्यान केंद्रित नहीं हो पा रहा था, जिसके बाद पीसीबी ने पूर्णकालिक और विशेषज्ञ कोच की तलाश शुरू की थी। 46 वर्षीय माइक स्मिथ रेड-बॉल (टेस्ट) और व्हाइट-बॉल दोनों फॉर्मेट में टीम के साथ काम करेंगे। वह आगामी इंग्लैंड दौरे से टीम के साथ अपनी नई पारी की शुरुआत करेंगे,

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91-7088120300